


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 71 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 11 दिसम्बर 2025 डाक 12 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी....



**देश-विदेश**
ग्वालियर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवाएं प्रभावित केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया डेढ़ घंटे तक फंसे



**फीचर पेज**
लेदर कोट्स की देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके, लंबे समय तक रहेंगे ठीक



## आतंकी फंडिंग मामले में ईडी और महाराष्ट्र एटीएस की कार्रवाई

### ठाणे में संदिग्धों के घरों पर छापेमारी



**मुंबई, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और महाराष्ट्र आतंकवाद-रोधी दस्ता (एटीएस) ने संदिग्ध आतंकवादी फंडिंग के मामले में गुरुवार को ठाणे जिले के पडघा में संयुक्त छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी के पडघा में गुरुवार की सुबह से छापेमारी जारी है। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई पहले के अभियानों के आधार पर की जा रही है। पहले पडघा के बोरिवली गांव में छापेमारी गई थी। अधिकारी ने बताया कि कई संदिग्धों के घरों की तलाशी ली जा रही है और ईडी संदिग्ध पैसे के लेन-देन की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान एटीसी केंद्रीय जांच एजेंसी का सहयोग कर रही है। इस साल जून में, एटीएस ने ठाणे ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर पादघा के बोरिवली में 22 लोगों के घरों पर बड़ी छापेमारी की थी।

इनमें स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी साकिब नचन और अन्य संदिग्ध सदस्य तथा प्रतिबंधित संगठन के समर्थक शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने उस समय 19 मोबाइल फोन और कट्टरपंथी गतिविधियों तथा दस्तावेजों से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। दो साल पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादियों से जुड़ी गतिविधियों के मामले भी पडघा में छापेमारी की थी। साकिब नचन को एनआईए ने पडघा से गिरफ्तार किया था। इस साल जून में दिल्ली के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

## बहुमंजिला इमारत में आग, 33 घंटे बाद भी हालात बेकाबू, राहत-बचाव अभियान जारी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के स्वागता स्क्वायर कॉम्प्लेक्स में बुधवार की दरमियानी रात में आग लगने के चलते हरकंप सा मच गया। आग की लपेटे इतनी तेज है कि इस घटना के अभी तक कुल 33 घंटे हो चुके है, लेकिन अभी भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। जिस कॉम्प्लेक्स में आग लगी है उसमें एसबीआई का जोनल कार्यालय, कमर्शियल ब्रांच, प्रीमियम बैंकिंग ब्रांच और शॉपिंग मॉल 'सोहम एम्पोरिया' है। वहीं बात अगर आग बुझाने की कोशिशों की करें तो अब तक 25 से अधिक फायर टेंडर आग बुझाने में लगे हैं। इतना ही नहीं आग पर काबू पाने के लिए भारतीय वायुसेना, भारतीय सेना और गुवाहाटी रिफाइनरी के जल टेंडर भी मदद के लिए आए। एनडीआरएफ को उच्च तकनीक वाले स्मोक रिडक्शन मशीन के साथ बुलाया गया है और गुवाहाटी के अलावा मोरिगांव, कामरूप और नलबाड़ी जिलों से भी फायर टेंडर भेजे गए।

### तड़के 4 बजे एसीबी का बड़ा एक्शन

## स्निग्धा सिंह की तलाश में वसंत विहार और जॉइंट सेक्रेटरी के घर पर छापे

**रांची, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**



एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज सुबह करीब 4 बजे दो अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापे हजारीबाग भूमि घोटाला और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार चल रही स्निग्धा सिंह (पत्नी विनय सिंह) की तलाश में मारे गए। एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह कार्रवाई जांच में निर्णायक मोड़ है। आने वाले कुछ दिनों में कई और बड़े खुलासे होंगे। स्निग्धा सिंह अभी भी फरार हैं और एसीबी उनकी तलाश में जुटी हुई है। मनी ट्रेल में पूर्व आईएएस विनय चौबे से भी कनेक्शन जुड़ रहा है। एसीबी की तकनीकी सेल ने कई दिनों तक डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग के बाद यह कार्रवाई की। हालांकि स्निग्धा सिंह दोनों जगहों से भागने में कामयाब रहीं, लेकिन उनके बेटे सनत सिंह मौके पर मौजूद थे।

हजारीबाग के चर्चित वन भूमि घोटाले की नामजद आरोपित स्निग्धा की तलाश में एसीबी की एक टीम रविवार को लखीसराय भी पहुंची थी। स्निग्धा सिंह नेक्सजेन आटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की पत्नी हैं और वन भूमि घोटाला केस में एसीबी थाना हजारीबाग में दर्ज नामजद आरोपित हैं। विनय सिंह उक्त केस में गिरफ्तार हैं और वर्तमान में हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद हैं। विनय सिंह निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के सहयोगी हैं जिनपर विनय कुमार चौबे के काले धन के निवेश का भी आरोप हैं। एसीबी रांची में दर्ज शराब घोटाला केस में भी निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के साथ-साथ विनय सिंह भी आरोपित हैं। विनय सिंह के प्रत्येक अपराध में एसीबी ने उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को भी बराबर का आरोपित माना है।सनत सिंह जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने मां के मौजूदा ठिकाने, विनय चौबे-विनय सिंह-स्निग्धा सिंह के आपसी संबंधों और पैसे के लेन-देन के तरीकों की अहम जानकारी दी है। फिलहाल सनत सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है, सिर्फ पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है। लगातार नोटिस के बावजूद वह एसीबी के सामने उपस्थित नहीं हुईं। इसके बाद एसीबी ने स्निग्धा सिंह का गिरफ्तारी वारंट निकाला है और उनकी तलाश कर रही है।

स्निग्धा सिंह फिलहाल फरार हैं। एसीबी उनसे वन भूमि घोटाला के साथ-साथ शराब घोटाला मामले में भी पूछताछ करना चाह रही है। निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में विनय सिंह प्रत्येक अपराध में साथ रहे, इसमें स्निग्धा सिंह भी शामिल रहीं। हजारीबाग में आईएएस विनय कुमार चौबे के उपायुक्त के कार्यकाल में ही वन भूमि का निबंधन व जमाबंदी विनय सिंह व उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम पर हुआ था। इस मामले में एसीबी ने सबसे पहले आईएएस विनय कुमार चौबे को गिरफ्तार किया। इसके बाद उनके सहयोगी विनय कुमार सिंह, तत्कालीन अंचलाधिकारी शैलेश कुमार आदि की गिरफ्तारी हुई है। मामले में आठ अन्य भी अरेस्ट हैं।

## पीएम की पूरी टीम बेनकाब, संसद में वंदे मातरम पर चर्चा के बाद कांग्रेस ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

**नई दिल्ली 11 दिसम्बर।** वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा और राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर सदन में हुई चर्चा में पूरी तरह बेनकाब और गलत साबित हुई। कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में वंदे मातरम् पर तीन दिन तक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि चर्चा में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गान पर भी चर्चा हुई। रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और उनकी टीम ने दो प्रमुख इतिहासकारों द्वारा लिखी गई किताबें, रुद्रांगसु मुखर्जी की 'भारत का गीत राष्ट्रगान का एक अध्ययन' और सब्यसाची भट्टाचार्य की 'वंदे मातरम' पढ़ी ही नहीं हैं।कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इतना उम्मीद करना ही बेकार है कि वे अपने झूठों के बेनकाब होने के बाद भी इसे पढ़ें। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने पहले इतिहासकार सुगता बोस के हवाले से बताया कि 1937 में रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर ही पार्टी ने तय किया था कि राष्ट्रीय सभाओं में केवल वंदे मातरम् का पहला भाग ही गाया जाएगा। रमेश ने कहा कि ये बातें मोदी सरकार की झूठी दलीलों को और उजागर करती हैं। इतना हीं नहीं रमेश ने यह भी कहा कि बहस का उद्देश्य पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान करना था।

## 500 और 1000 के पुराने नोट, कई बैग में भरे मिले 3.5 करोड़ रुपये

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के वजीरपुर इलाके में पुलिस ने छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में पुराने नोट जब्त किए हैं। कई करोड़ के नोट चलन से बाहर हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि अवैध कैश की आवाजाही के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। दिल्ली पुलिस ने छापेमारी की और 500 तथा 1,000 रुपये के पुराने नोटों से भरे कई बैग बरामद किए, जिन्हें नवंबर 2016 में नोटबंदी के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया था। इस मामले में पीपी डब्ल्यूपीआईए की एक छापेमारी टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि नोटों से भरे बैग ले जा रहे कई लोगों को मौके से हिरासत में लिया गया। कथित तौर पर नकदी ले जाने के लिए इस्तेमाल किए गए दो वाहनों को भी जब्त कर लिया गया। एक अधिकारी ने कहा, हम नकदी कहां से आई और इसमें शामिल नेटवर्क का पता लगाने के लिए हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने पुराने नोट रखने के आरोप में जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें से तीन दिल्ली के रहने वाले हैं और एक हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी है। 22 साल का हर्ष रोहिणी के सेक्टर 25 का रहने वाला है। वहीं, दूसरा आरोपी टेक चंद भी रोहिणी के सेक्टर 25 का ही रहने वाला है, उसकी उम्र 39 साल है। तीसरा आरोपी लक्ष्य 28 साल का है। वह दिल्ली के बृजपुरी का रहने वाला है। चौथा आरोपी विपिन कुमार 38 साल का है।

## गोवा नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स पर शिकंजा, थाईलैंड में हिरासत में लिया गया



**गोवा, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गोवा क्लब अग्निकांड मामले की जांच से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया है। हादसे के बाद दोनों भाई दिल्ली से थाईलैंड के फुकेट भाग भाग गए थे। इससे पहले एक्शन लेते हुए पुलिस ने गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स का पासपोर्ट सस्पेंड कर दिया।

दरअसल, गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 20 स्टाफ और 5 पर्यटक शामिल थे। बताया जा रहा है कि जिस समय आग लगी और बचाव कार्य चल रहा था, उसी वक्त लूथरा ब्रदर्स ने थाईलैंड की टिकट बुक की और दिल्ली से फ्लाइट से देश छोड़कर भाग खड़े हुए। लूथरा ब्रदर्स पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का केस चल रहा है। गोवा के अरपोरा के नाइट क्लब में हुई दुखद आग की घटना के बाद एहतियात के तौर पर बुधवार शाम को एक आदेश जारी करते हुए जिला प्रशासन ने टूरिस्ट जगहों के अंदर पटाखों, फुलझड़ियों और आतिशबाजी के इस्तेमाल पर रोक लगा दिया है। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। नए आदेश के अनुसार, यह रोक पूरे उत्तर गोवा में सभी नाइट क्लब, बार और रेस्टोरेंट, होटल गेस्टहाउस, रिसॉर्ट, बीच शैक, टेम्परारी स्ट्रक्चर जैसी जगहों पर लागू होगी।

## अयोध्या दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, तीन की मौत

**अयोध्या, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रामनगरी अयोध्या में गुरुवार की भोर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां अयोध्या दर्शन के



लिए आ रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो कार की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिससे तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 11 श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। हादसा सुबह तकरीबन पांच बजे थाना पूराकलंदर के कल्याण भदरसा गांव के पास प्रयागराज हाईवे पर हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लिया है। सभी श्रद्धालु मध्य प्रदेश के रीवा से अयोध्या रामलला का दर्शन करने आ रहे थे।

## कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए मंजर देखकर लोगों की रूह कांप गई



**बाराबंकी।** यूपी के बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस कांस्टेबल जावेद का पूरा परिवार खत्म हो गया। वैगन आर कार को पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा ने टक्कर मारी, जिससे कार का CNG टैंक फट गया और आग लग गई। इस भीषण हादसे में दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत कुल 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाराबंकी में बीती शाम पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें आजमगढ़ में तैनात पुलिस कांस्टेबल जावेद की पत्नी और बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जावेद को इस दुखद घटना की सूचना दे दी गई है। उनका परिवार मऊ से लखनऊ जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार दिल्ली नंबर की ब्रेजा कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का सीएनजी टैंक फट गया और भीषण आग लग गई। हादसे में वैगन आर कार में बैठी दो महिलाएं और तीन बच्चे जिंदा जल गए। आग लगने के बाद वे कार का दरवाजा भी नहीं खोल पाए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने 5 लोगों को बाहर निकाला, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

## जुबिन नौटियाल ने संत प्रेमानंद को सुनाए भजन, सुनकर गदगद हुए महाराज



**वृंदावन 11 दिसम्बर।** संत प्रेमानंद से आशीर्वादलेने पहुंचे बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल ने जब उन्हें अपनी सुमधुर वाणी से भजन सुनाए तो संत प्रेमानंद आल्हादित हो उठे। मुस्कुराते हुए संत प्रेमानंद ने जुबिन नौटियाल को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा केलिकुंज में बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे एकांतिक वार्ता में संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लेने पहुंचे बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाला ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया और फिर संत प्रेमानंद से भजन सुनाने की अनुमति मांगी। नौटियाल ने देवकीनंदन तुमको अंदन, रखते सबकी लाज, सबके स्वामी अंतरयामी पूरन कीते काज... मन मंदिर में सजे बिहारी.. भजन सुनाया तो आश्रम में सन्नाटा पसर गया। नौटियाल ने करीब पांच मिनट तक संत प्रेमानंद को भजन सुनाकर मुग्ध कर दिया। इसके बाद वे गंतव्य को चले गए।

## राइस मिल में डेढ़ लाख की चोरी, कर्मचारी पर शक



**बिलासपुर।** चोरों ने रोशनदान से घुसकर राइस मिल के आफिस के आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व मोबाइल चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, बिल्हा वार्ड क्रमांक 4 निवासी अनिश अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल की ग्राम गुमा में राइसमिल है। 8 दिसंबर को वे बैंक से 2 लाख रुपए निकालकर 1 लाख 55 हजार रुपए राईसमील के आफिस के आलमारी में रखकर घरेलू कार्य होने से जल्दी घर चले गए। रात 9 बजे मिल के कर्मचारी बंद कर अपने अपने घर चले गए।

देर रात चोरों ने रोशनदान से आफिस में घुसकर आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व एक मोबाइल चोरी कर लिया, फिर उसी रास्ते से भाग गए। 9 दिसंबर को कर्मचारी मिल पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। उसके बाद अग्रवाल ने मिल जाकर देखा तो आलमारी व टेबल का दराज टूटी मिली। सूचना पर पुलिस ने मिल जाकर आफिस का निरीक्षण किया। पुलिस ने अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## शिवसेना से होगा मुंबई का मेयर? महायुति में खटपट की अटकलों के बीच एकनाथ शिंदे ने दिया जवाब



**मुंबई, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुंबई में महापौर चुनाव को लेकर एक्टिव हो गए हैं। मुंबई मेयर चुनाव ऐतिहासिक रूप से शिवसेना की राजनीतिक पहचान का केंद्र रहा है। क्योंकि, विभाजित शिवसेना ने 25 वर्षों तक मुंबई महापौर पद पर अपना दबदबा बनाए रखा था। क्लष्ट चुनावों से पहले ठाकरे भाइयों के राजनीतिक पुनर्मिलन ने हिंदुत्व मराठी प्राथमिकता की जंग छेड़ दी है। दरअसल, एनडीटीवी मराठी मंच द्वारा आयोजित अजेय महाराष्ट्र सम्मेलन के दौरान जब पूछा गया कि क्या शिवसेना इस पद को बरकरार रख पाएगी, तो शिंदे ने कोई दावा पेश नहीं किया।

उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि मुंबई के महापौर महायुति से ही होंगे और वह भी दो बार। भाजपा ने मीरा-भयंदर और ठाणे में शिंदे की शिवसेना को महापौर पद संभालने देने की इच्छा जताई है, लेकिन मुंबई के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। मुंबई महापौर चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे और ठाकरे परिवार के मराठी प्रथम के सिद्धांत के बीच होने की संभावना है। शिंदे को शहर में शिवसेना के पारंपरिक वर्चस्व को कायम रखने के बजाय भाजपा के सहायक की भूमिका निभाते हुए देखा जा रहा है। वहीं, जब एकनाथ शिंदे से ठाकरे परिवार के पुनर्मिलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भी सभी दलों को गठबंधन बनाने का अधिकार है। हमारा एजेंडा स्पष्ट है - विकास और कल्याणकारी योजनाएं। इस दौरान उन्होंने अपनी वैचारिक विरासत पर जोर देते हुए कहा, हम बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा का अनुसरण कर रहे हैं।

मुंबई महानगर क्षेत्र में महापौर चुनाव को लेकर शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच तनाव पनप रहा है। शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने अनियंत्रित खरीद-फरोख्त को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से तीखी बहस की है। इधर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा के आत्मविश्वास किया है। उन्होंने गठबंधन को आगे ले जाने की अपनी इच्छा की पुष्टि भी की थी। उन्होंने कहा था कि हम भाजपा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन गठबंधन 2029 तक बरकरार रहेगा। हम भाजपा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन गठबंधन 2029 तक बरकरार रहेगा।



## मानिकपुर स्कूल के विद्यार्थियों को ठंडी से निपटने दिए संसाधन

**कोरबा।** सृष्टि महिला समिति, कोरबा क्षेत्र द्वारा दिनांक 08/12/2025 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर, कोरबा में 100 विद्यार्थियों को विंटर जैकेट, ड्रॉइंग कॉपी, रंग, पेंसिल, चॉकलेट एवं फ़ूड पैकेट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल, बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनके नेतृत्व में समाजसेवा एवं कल्याणकारी कार्य की यह पहल बच्चों को न केवल ठंड से संरक्षण प्रदान करने बल्कि उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं पोषण पर ध्यान केंद्रित करने हेतु महत्वपूर्ण रही।वितरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव हेतु विंटर जैकेट उपलब्ध कराना तथा उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए ड्रॉइंग कॉपी, कलर एवं पेंसिल प्रदान करना था। साथ ही चॉकलेट एवं फ़ूड पैकेट वितरित कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह लाया गया।

इस सफल आयोजन में सृष्टि महिला समिति, एसईसीएल कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती जे रूपा एकम्ब्रम, मानिकपुर उप क्षेत्र, एवं श्रीमती अनुपमा सिन्हा, रजगामार उप क्षेत्र, श्रीमती संगीता रॉय, डीएसबी उप क्षेत्र एवं समिति की सभी समर्पित सदस्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम उत्साहपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

सृष्टि महिला समिति एवं श्रद्धा महिला मंडल स्श्वष्टरुका यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## राज्य सलाहकार ने मस्तूरी जनपद में स्वच्छता कार्यों का किया निरीक्षण




**बिलासपुर ।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने जनपद पंचायत मस्तूरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेली, झलमला, नवागांव (म.), मचखंडा तथा सीपत में संचालित सामुदायिक शौचालय एवं ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में चल रही स्वच्छता गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान राज्य सलाहकार ने विशेष रूप से स्वच्छाग्राहियों द्वारा किए जा रहे श्रमदान की सराहना की तथा घर-घर कचरा संग्रहण कार्य में लगे स्वच्छाग्राही समूह के सदस्यों से चर्चा कर स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गांवों में कचरा फेंकने की समस्या पर उन्होंने सरपंच एवं ग्रामवासियों को निर्देशित किया कि पहले ऐसे लोगों को नम्रता से समझाइश दी जाए, इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। साथ ही, कचरा फेंकने वालों की जानकारी देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने का भी सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत टीम, जनपद पंचायत मस्तूरी की टीम, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्वच्छाग्राही उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा

**बिलासपुर ।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में चालू सीजन में रबी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस माह की 31 तारीख तक बीमा आवेदन की अंतिम तारीख तय की गई है। बताया गया कि पिछले साल बीमित फसलों के एवज में 1 करोड़ 5 लाख रूपए की बीमा दावे का भुगतान लगभग 4 सौ किसानों को किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मौसम की अनिश्चितता से फसल हानि से बचाने के लिए बीमा करा लेने की अपील किसानों से की है। उप संचालक कृषि ने बैठक में बताया कि बिलासपुर जिले में एचडीएफसी अर्गो जनरल इन्श्यूरेंस कम्पनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में चना, अलसी, राई सरसों, गेहूं सिंचित एवं गेहूं असिंचित को अधिसूचित किया गया है। रबी मौसम में इन फसलों की खेती करने वाले 88 गांव इस योजना के लिए चिन्हित किये गए हैं। उन्हें लगभग 3 सौ से 5 सौ रूपए की मात्र बीमा प्रीमियम पर 18 हजार से लेकर 32 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर तक की बीमा लाभ मिल सकता है। सीएससी अथवा बैंक से बीमा कराया जा सकता है। बताया गया कि इस साल लगभग ढाई हजार किसानों के 700 हेक्टेयर क्षेत्रफल को बीमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग को साग-सब्जी के लिए 150 हेक्टेयर क्षेत्र बीमा करने का लक्ष्य दिया गया है। ऋणि किसानों का बीमा अपने आप हो जायेगा। अऋणि किसानों को नवीनतम आधार कार्ड, बी1 पी2, बैंक खाता फोटोकापी, फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का घोषणा पत्र, मोबाईल नम्बर, बटाईदार/काश्तकार/साझेदार किसानों के लिए घोषणा पत्र देना होगा। इस अवसर पर, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त, अमित कुमार, लीड बैंक मैनेजर दिनेश उरांव, उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर, उप संचालक उद्यान दीवान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# रेलवे की मनमानी से यात्री परेशान

### कुछ लोगों ने अधिकारियों के समक्ष जताई नाराजगी

**कोरबा।** सर्वाधिक आय देने वाला कोरबा रेल अधिकारियों की मनमानी का लगातार शिकार बन रहा है. कोरबा आने वाली सभी ट्रेन चंपा से कोरबा के मध्य रोक दी जाती हैं उनकी जगह पहले मालगाड़ियों को निकाला जाता है यही वजह है की सभी ट्रेन निर्धारित समय से काफी देरी के बाद स्टेशन पहुंच रही है। रेलवे की इस दादागिरी से परेशान कुछ यात्रियों ने अपनी नाराजगी प्रकट की

कोरबा से रायपुर के मध्य चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस दोनों स्टेशन से रवाना तो समय पर होती है लेकिन गंतव्य तक हर रोज विलंब से पहुंचती है. कोरबा आने वाली एक्सप्रेस को रात 9:45 बजे पहुंचना चाहिए लेकिन वह अक्सर 10:30, 11 कभी-कभी तो 12:00 बजे रात्रि में कोरबा पहुंचती है। यह ट्रेन चंपा तक तो लगभग सही समय पर चलती है लेकिन वहां से कोरबा पहुंचने में यह लगभग हर स्टेशन अथवा उसके आउटर पर खड़ी कर दी जाती है मालगाड़ियों को प्राथमिकता देकर निकाला जाता है यह देखकर यात्री आकर्षित होते हैं लेकिन शिवाय रेल अधिकारियों को गाली देने के लिए कर भी कर सकते हैं. कल भी यही हुआ. हसदेव एक्सप्रेस को चंपा और कोरबा के बीच कई स्थानों पर खड़ा रखा गया जब यह ट्रेन लगभग 1 घंटे विलंब से स्टेशन पहुंची तो कुछ लोगों ने स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में पहुंचकर वहां



उपस्थित लोगों के साथ बहस किया.

रेलवे के अधिकारी हमेशा की तरह मेरी नहीं मेरे ऊपर वालों की गलती है यह कहकर अपना गिरेबान बचा लेते हैं।आक्रोशित लोग भी बड़बड़ाने के बाद निकल जाते हैं और रेल व्यवस्था ऐसे ही चलती रहती है।

गौरतलब है कि कोरबा को ट्रेन सुविधा मुहैया कराने के लिए कई बार आंदोलन हुए उनका परिणाम भी आया लेकिन रेलवे अधिकारी अपनी एक हरकत से कभी बाज नहीं आए. वह हरकत है ट्रेन यात्रियों को परेशान करने की. यात्रियों को परेशानी से बचने के लिए ट्रेन की बजाय वैकल्पिक व्यवस्था करनी होती है और रेल अधिकारियों को यह अवसर मिल जाता है कहने का की आय कम होने के कारण और ट्रेन देना मुनासिब नहीं है।

बहरहाल एक बार फिर से कोरबा में रेल प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश जन्म ले रहा है,. हो सकता है कुछ दिन बाद लोग रेलवे के विरुद्ध उग्र आंदोलन के लिए रेल पथ पर न पहुंच जाए

## परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 को

**बिलासपुर ।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन एवं जिला स्तर पर विभाग प्रमुख उपस्थित होंगे। साथ ही 11 दिसम्बर 2025 तक बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा जिला कार्यालय के वित्त शाखा में प्रस्तुत करने हेतु कर्मचारी संगठन को निर्देश दिए गए है।

## कलेक्टर ने कुदुरमाल पुल का किया निरीक्षण, तीन सदस्यीय समिति गठित कर लोड बेयरिंग टेस्ट के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज ग्राम कुदुरमाल में हसदेव नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान सेतु, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के इंजीनियर भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वसंत ने पुल की जर्जर स्थिति और आवागमन पर प्रतिबंध को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग तलाशने की संभावनाओं का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सेतु, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के इंजीनियरों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने और पुल का निरीक्षण कर लोड बेयरिंग टेस्ट कर रिपोर्ट सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर कलेक्टर ने मार्ग की वर्तमान स्थिति का भी अवलोकन किया। निरीक्षण में सेतु,



पीडब्ल्यूडी, नगर निगम के इंजीनियरों के साथ-साथ अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर अजीत वसंत ने कनकी धान उपार्जन केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कनकी के धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और किसानों से संवाद किया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी एवं प्रबंधक को निर्देशित किया कि खरीफ सीजन के धान केवल वास्तविक और पंजीकृत किसानों से ही खरीदे जाएँ।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की समग्र व्यवस्था का अवलोकन करते हुए यह निर्देश दिए कि धान का भंडारण एवं स्टैकिंग सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आए। साथ ही बारदाने की संख्या का पंजी में शत-प्रतिशत सही एंट्री सुनिश्चित करने और बारदानों में स्टेंसिल लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उपार्जन केंद्र में लगे कैमरों को सदैव क्रियाशील रखने और आवक एप्लीकेशन में प्रत्येक किसान की जानकारी पूरी तरह दर्ज करने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए अवैध धान को बेचने से रोकने सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अवैध धान खपाने की जानकारी मिले तो प्रशासन को अवश्य सूचित करें।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, खाद्य एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता के आरोप पर ग्राम फरसवानी के पूर्व आवास मित्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण में सामने आए वित्तीय अनियमितता एवं गंभीर लापरवाही के आरोप को कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। उक्त प्रकरण कलेक्टर के संज्ञान में आते ही उन्होंने पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार 02 दिसंबर को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार 'पीएम आवास में जमकर लूट, आवास मित्र हितग्राहियों से वसूल रहे पैसे, अधिकारी मौन' के प्रकाशन के पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कोरबा दिनेश कुमार नाग ने तत्परता दिखाते हुए जिला स्तरीय जांच समिति का गठन कर मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए।

जांच में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच प्रतिवेदन में यह तथ्य सामने आया कि जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम फरसवानी के तत्कालीन आवास मित्र योगेश सोनी द्वारा गंभीर वित्तीय अनियमितताएं की गईं। रिपोर्ट के अनुसार अपूर्ण आवासों को पूर्ण दर्शाते हुए जियो-टैग कर अगली किश्त की राशि जारी कराई गई।

इसके एवज में जियो-टैग एवं किश्त जारी कराने के नाम पर हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूल की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीईओ जिला पंचायत ने सख्त कार्यवाही करते हुए संबंधित आवास मित्र को पद से पृथक करने तथा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत करतला को दिए। निर्देशों के अनुपालन में 08 दिसंबर 2025 को आवास समन्वयक, विकासखंड करतला द्वारा उरगा थाना में उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार, अनियमितता या हितग्राहियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही समस्त हितग्राहियों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अवैध मांग या अनियमितता की सूचना सीधे जिला पंचायत कार्यालय अथवा संबंधित जनपद पंचायत में लिखित रूप से दें, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

## जनजातीय संस्कृति और कला को सहेजने का छात्राओं ने संदेश दिया

**कोरबा।** कोरबा गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जनजातीय संस्कृति व कला को सहेजने का संदेश दिया। कॉलेज के जनजातीय गौरव वर्ष कार्यक्रम जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, संस्कृति, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुराज सिंह उइके, विशिष्ट अतिथि पुष्पराज सिंह ठाकुर, बलराम विश्वकर्मा, दीपक सिंह व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को जनजातीय परंपरानुसार हाथ धुलवाकर किया। इसके बाद सभी ने जनजातीय गौरव नायक शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा व रानी दुर्गावती के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उइके ने कहा कि जनजाति गौरव वर्ष में देश के इतिहास के उन अध्यायों को उजागर करने का अवसर है, जिसमें जनजातीय समाज के नायक ने देश की आजादी, संस्कृति और समाज सुधार में असाधारण योगदान दिया।कार्यक्रम में समावेशी विकास, जनजातीय शिक्षा, कला, भाषा और परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। छात्राओं ने भाषण, रंगोली, पोस्टर, जनजातीय व्यंजन सहित नायकों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसकी सभी ने सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सिंह ने कहा जनजातीय युवाओं में अपनी पहचान, संस्कृति और संघर्षों के गौरव को समझने की प्रेरणा देना है। स्पर्धाओं के प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। अंत में आभार कॉलेज के राजनीति विभाग की सहायक प्राध्यापक वर्षा सिंह तंवर ने जताया। कार्यक्रम में मंच संचालन जनजातीय गौरव कार्यक्रम की सह-संयोजक अनिमा तिर्की ने किया।

## खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु धान उपार्जन- किसानों से महत्वपूर्ण अपील

**कोरबा ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय करने वाले सभी पंजीकृत किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के खसरे एकीकृत किसान पोर्टल में दर्ज हैं, परंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में अपडेट फार्मर रिक्वेस्ट (न्चकंजम थ्ंतउमत त्मुनमेज , आवेदन लंबित है, वे अपने सभी खसरों को शीघ्र एग्रीस्टेक पोर्टल में जोड़वा लें। धान उपार्जन की प्रक्रिया में निर्बाध रूप से सम्मिलित होने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक किसान एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत हो तथा एग्रीस्टेक पोर्टल में 11 अंकों का फार्मर आईडी बनाकर अपने समस्त खसरों का अंकन पूर्ण करे।दिनांक 05 दिसंबर 2025 तक की स्थिति में आने वाले किसानों, जिनके आवेदन न्थ्त् हेतु लंबित हैं, को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे अपने खसरे एग्रीस्टेक पोर्टल में स्वयं जोड़ें, या संबंधित समिति के एग्रीस्टेक लॉगिन अथवा लोक सेवा केंद्र ( ब्ब्-टस्) के माध्यम से यह कार्य पूर्ण कराएं। खसरा जोड़ने की प्रक्रिया हेतु ऋण पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।किसानों तक जानकारी समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से कोटवारों के माध्यम से मुनादी, ग्राम पंचायत एवं समितियों में लंबित किसानों की सूची चस्पा करने और कृषक मित्रों द्वारा घर-घर सूचना देने के निर्देश मैदानी अमले को जारी किए गए हैं। किसानों की सुविधा के लिए 10 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक जिले में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें समिति प्रबंधकों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और लोक सेवा केंद्रों के वीएलई (टस्)की टीम गठित कर शत-प्रतिशत किसानों के छूटे हुए खसरे एग्रीस्टेक पोर्टल में जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।इसके अतिरिक्त, वे किसान जिन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय किया था, परंतु जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी अभी तक नहीं बन पाया है, वे अपना किसान आईडी बनवाकर 15 दिसंबर 2025 तक इसे एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फॉरवर्ड अवश्य करा लें, ताकि आगामी उपार्जन वर्ष में धान विक्रय में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

जिले के सभी किसानों से अपील है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर धान उपार्जन कार्य में सुगमता सुनिश्चित करें।

## केवी-2 में वार्षिकोत्सव छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी



**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा का वार्षिकोत्सव मंगलवार को अंबेडकर भवन में हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि शत्रुघ्न बेहरा, महाप्रबंधक, संचालन व प्रबंधन, एनटीपीसी, विशिष्ट अतिथि अतुल श्रीराम पाटिल सहायक महाप्रबंधक (सिविल) एनटीपीसी थे।

मुख्य अतिथि बेहरा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन और शैक्षिक मानकों की सराहना की। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर वर्ष भर की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सपना के वकील ने रिसॉर्ट संचालक को नोटिस भेजा

**कोरबा।** शहर के जश्न रिसॉर्ट में सपना चौधरी के म्यूजिकल इवेंट के बाद हुए विवाद का मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। दोनों पक्ष को जमानत मिल चुकी है। दूसरी ओर मामले में नया मोड़ आ गया है, क्योंकि जश्न रिसॉर्ट के संचालक को सपना चौधरी के वकील ने 50 लाख रुपए हर्जाने का नोटिस भेजा है। नोटिस में कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप है, जिसके मुताबिक प्रस्तावित सपना चौधरी म्यूजिकल इवेंट से पहले ही रिसॉर्ट को लिखित चेतावनी दी थी कि किसी भी कॉपीराइटेड संगीत का उपयोग करने लाइसेंस लेना जरूरी है। इसके लिए पहले में दो बार नोटिस भेजने के बाद भी लाइसेंस नहीं लिया गया। रिसॉर्ट परिसर में बिना अनुमति संगीत प्रसारित होने दिया गया।

## सत्य प्रकाश, परमेश्वर व जोहन फेस ऑफ द मंथ

**कोरबा।** दिसंबर महीने का फेस ऑफ द मंथ निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक सत्य प्रकाश राठौर, सहायक ग्रेड-3 परमेश्वर शर्मा और स्वच्छता निरीक्षक जोहन सोनी को चुना गया है। महापौर संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए कर्मियों के कार्य के प्रति उनकी निष्ठा को सराहा है।



## गेवरा बस्ती प्रभावितों ने शहर के पास मांगी जगह

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान के लिए गेवरा बस्ती के अधिग्रहण की जारी प्रक्रिया मुआवजे की फाइल को एसईसीएल मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद ही आगे बढ़ेगी।

वहीं बस्ती के विस्थापन पर प्रभावितों ने शहर के नजदीक बसाहट की मांग रखी है। दूसरे गांवों का विस्थापन कर पहले गेवरा बस्ती के प्रभावितों के लिए चिन्हित स्थान पर बसाने से खदान प्रभावितों ने बसाहट पर निर्णय लेने डीआरआरसी की मीटिंग की मांग की है। 2013 में गेवरा बस्ती का अधिग्रहण किया गया है। एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के लिए अधिग्रहित गेवरा बस्ती का ड्रोन सर्वे कराकर मुआवजे की फाइल कंपनी मुख्यालय को भेजी गई है। दो महीने बाद भी मंजूरी नहीं मिली है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में लेटलतीफी से भू-विस्थापितों के रोजगार की आस अधूरी है।

एसईसीएल ने गेवरा बस्ती की 1243.557 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। 2913 प्रभावितों को लगभग 299.29 करोड़ रुपए का मुआवजा बंटेगा। कंपनी मुख्यालय से मंजूरी न मिलने से विस्थापन व अन्य प्रक्रिया अटकी हुई है। इस बीच गेवरा बस्ती के खदान प्रभावितों ने एसईसीएल कुसमुंडा एरिया जीएम के नाम ज्ञापन दिया है। बताया गया है कि फरवरी 2015 में इंदिरा स्टेडियम में जनसुनवाई हुई थी। इसमें वैशाली नगर खम्हरिया के पास बसाहट देने गेवरा बस्ती के प्रभावितों को आश्वस्त किया गया था।

इस जगह पर खोडरी को और गेवरा परियोजना के जरहाजेल गांव को जरहाजेल व बरमपुर के डंपिंग को समतल कर बसाने की तैयारी है। इससे उनकी चिंता बढ़ गई है। कोयला खदानों के जमीन का अधिग्रहण करने पर गांवों के बसाहट की चुनौती रहती है। कई बार प्रभावितों को चिन्हित स्थल पर आपत्ति दर्ज कराते हैं, इस कारण भी विस्थापन की प्रक्रिया में देरी होती है। बसाहट नहीं लेने पर अलग से राशि देने का भी एसईसीएल ने प्रावधान किया है। शहर के नजदीक अब जमीन नहीं होने की चिंता से गेवरा बस्ती के प्रभावितों ने मांग की है और जनसुनवाई के दौरान एसईसीएल के आश्वासन की याद दिलाई है। गेवरा परियोजना से प्रभावित नराईबोध व भिलाई बाजार के ग्रामीणों को भी कुसमुंडा फोरलेन किनारे ही बसाने की तैयारी है।

## इमलीछापर चौक के पास ढाई साल से अटका आरओबी का काम, 2 लाख आबादी परेशान

**कोरबा।** कुसमुंडा के इमलीछापर चौक के पास रेलवे ओवरब्रिज का काम ढाई साल से अटका हुआ है। काम में बाधा बन रहे 11 मकानों को तोड़ने के छह माह बाद भी अब तक काम शुरू नहीं किया गया है। प्रशासन ने बरसात के दौरान मकानों को खाली करवाकर ढहाया था ताकि निर्माण कार्य शीघ्रता से शुरू हो। अब हाल यह है कि जमीन खाली होने के बाद भी राइट्स का कोई अधिकारी वहां काम शुरू कराने नहीं पहुंच रहा है। राइट्स की सुस्ती व प्रशासन की अनदेखी के कारण इमलीछापर चौक से आवाजाही करने वाले कुसमुंडा के अलावा गेवरा-दीपका, भिलाई बाजार, हरदीबाजार, बांकीमोगरा समेत आसपास के 25 गांव के करीब 2 लाख की आबादी परेशान है। इमलीछापर फाटक के थोड़े-थोड़े देर के अंतराल में बंद होने से राहगीरों को फंसना पड़ रहा है।



कई अतिरिक्त दूरी तय कर कुचैना से रेलवे अंडरब्रिज के रास्ते थाना चौक की ओर आवाजाही करते हैं। ओवरब्रिज का काम अगली बारिश से पहले पूरा नहीं होने पर ज्यादा समस्या हो सकती है। इमलीछापर चौक के पास रेलवे फाटक पार करके ही कुसमुंडा थाना, कुसमुंडा खदान समेत अन्य क्षेत्रों की ओर आवाजाही होती है। कुसमुंडा खदान से शहर समेत चांपा, रायगढ़ व अन्य दिशा की ओर आवाजाही करने वाले 1 हजार मालवाहक भी फाटक से गुजरते हैं। फाटक के करीब गेवरा रोड स्टेशन है। स्टेशन से गेवरा-दीपका कोयला खदानों तक कोयला लदान के लिए रेल लाइन गुजरी है। इस पर 24 घंटे मालगाड़ी चलती है।

इससे औसतन हर 10 मिनट में फाटक बंद होता रहता है। कुसमुंडा क्षेत्र के पूर्व पार्षद अमरजीत सिंह के मुताबिक 6 माह पहले 21-22 जून को प्रशासन ने इमलीछापर चौक के पास बरसात के बीच बिना मोहलत दिए मकान तोड़कर लोगों को बेघर कर दिया। लेकिन ओवरब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हुआ। कुसमुंडा के साथ ही आसपास क्षेत्र की जनता इस कारण परेशान है। बारिश में परेशानी और बढ़ जाएगी। संबंधित एजेंसी इस महीने काम शुरू नहीं करती है, तो क्षेत्रवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा। पार्षद गीता गवेल ने कहा कि कई साल से निर्माण अटके होने से लोग परेशान हैं। प्रशासन को गंभीरता के साथ रुका काम तेजी से कराना चाहिए।

## अनमोल वचन......

जब यह स्पष्ट हो जाए कि लक्ष्यों तक नहीं पहुंचा जा सकता, तो लक्ष्यों को समायोजित न करें, बल्कि कार्रवाई के चरणों को समायोजित करें।

# एसआईआर बड़ा मुद्दा

एसआईआर संसद के शीतकालीन सत्र में विवाद का बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। उचित होगा कि सरकार पुराने संसदीय नियमों का हवाला देकर मौजूदा हाल पर बहस को ना रोके। सदन में सबको अपनी बात कहने दी जाए।

किसी प्रक्रिया के जारी रहने के दौरान उसके नियम बदलते रहें, तो उसे इसकी मिसाल ही समझा जाएगा कि संबंधित संस्था ने काम शुरू करने के पहले पर्याप्त तैयारी नहीं की। उस हाल में वह प्रक्रिया विवादों से घिरती जाए, यह लाजिमी है। इसकी पूरी जिम्मेदारी संचालक संस्था पर ही आएगी। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर यह बात पूरी तरह लागू होती है। इसको लेकर पहले ही चेताया गया था कि इस कार्य को लेकर निर्वाचन आयोग जल्दबाजी दिखा रहा है। साथ ही इसकी विश्वसनीयता को लेकर भी वह गंभीर नहीं है। बिहार में पुनरीक्षण के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर कई बार उसे नियम बदलने पड़े, लेकिन उससे भी आयोग ने सबक नहीं लिया। पुराने अंदाज में 12 राज्यों में सीमित समय के भीतर यह कार्य संपन्न कराने की जिद उसने दिखाई। नतीजा है कि यह प्रक्रिया अब पहले से भी अधिक विवादित हो चुकी है। बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की आत्महत्या, काम के दबाव से मौत, और उनके तनावग्रस्त होने की खबरों ने आक्रोश एवं संशय का जो माहौल बनाया, उसी का नतीजा है कि बीच कार्य के दौरान आयोग को बीएलओ और सुपरवाइजरों के मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करनी पड़ी। और अब एसआईआर फॉर्म इकट्ठा करने, इन्हें डिजटल रूप देने, तथा अस्थायी मतदाता सूची को जारी करने की समयसीमा बढ़ानी पड़ी है।

साथ ही अब जाकर आयोग ने ऐलान किया है कि जो नए नाम शामिल होंगे और जिन्हें हटाया जाएगा, सूची जारी होने के पहले उनकी लिस्ट राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों को दी जाएगी। सवाल है कि यह नियम आरंभ में ही घोषित क्यों नहीं होना चाहिए था दरअसल, वे तमाम नियम आरंभ से लागू क्यों नहीं होने चाहिए थे, जो न्यायिक आदेश के कारण इसका हिस्सा बने एसआईआर का प्रश्न संसद के शीतकालीन सत्र में विवाद का एक बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। सरकार के लिए उचित होगा कि पुराने संसदीय नियमों का हवाला देकर मौजूदा हाल पर बहस को वह ना रोके। बल्कि सदन में सबको अपनी बात कहने दी जाए। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए यह अनिवार्य है।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपके द्वारा की जाने वाली मेहनत का फल जल्दी ही आपको मिलेगा। आज आप अपने कार्यों पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना या बढ़ाना चाह रहे हैं, तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे सकारात्मक बदलाव से परिवार के लोग प्रसन्न होंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में अपना समय नष्ट न करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज बेवजह की उलझनों से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आप कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए जरूर निकालें।

तुला राशिः आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। कहीं रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। रिश्तेदार से चल रही अनबन किसी की मध्यस्थता से हल होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, तो आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलेगा।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी प्रकार का निर्णय न लें।

कुम्भ राशिः आज नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को पूरा करने में सफल होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता मिलेगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो जरूर सफलता मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में रुचि बनी रहेगी।

# परिवर्तन से गुजरती परंपराः भारतीय हस्तशिल्प गढ़ रहे हैं आधुनिक डिजाइन की पहचान

//श्री पबित्रा मार्गेरिटा//

**ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिरपरिचित लय में चल रहे थे। लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों ही पूरी तरह से बदल चुके हैं।**

हम 08 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नई जगहों, नए बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।

इस विकास को समझने के लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय हस्तशिल्प सिर्फ सुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गई दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है।

स्वरूपों को हमेशा उपयोग ने गढ़ा है। असम में जलकुंभी को सुखाने के बाद बुन कर घर में काम आने वाली टोकरियां बनाई जाती हैं। कर्नाटक में लाख के लेप वाले चन्नपटना काष्ठ खिलौने बच्चों के खेलने के काम आते हैं। उन्हें पीढ़ियों से खराद पर बनाया जाता रहा है। माध्यम, स्वरूप और आकृति को एकदूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। वे विशिष्ट अनुष्ठानिक और कार्यात्मक संदर्भों से आबद्ध हैं।

आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गए हैं। यह बदलाव केवल एक आयामी नहीं, बल्कि बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है, जिसे आज के समय के अनुसार इस्तेमाल के लिए नया रूप दिया गया है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिज़ाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं।

हालांकि, सबसे बड़ा परिवर्तन माध्यम में आया है। जलकुंभी आज कॉर्पोरेट फ़ोल्डर और डिज़ाइनर हैंडबैग का रूप ले रही है। मधुबनी कला मिट्टी की दीवारों से हटकर लकड़ी के फर्नीचर, वस्त्रों और चमड़े के सहायक उपकरणों पर की जाने लगी है। चन्नपटना शिल्प, जो कभी केवल खिलौनों में ही दिखता था, अब सजावटी नक्शों, झूमरों, गृह सज्जा और डिज़ाइनर फ़र्नीचर में दिखाई देता है। पारंपरिक लाख का अभी भी इस्तेमाल हो रहा है लेकिन उसका रूप पूरी तरह आधुनिक हो गया है। यह बदलाव आज के अनुकूल है, न कि उसका कमजोर पड़ना।

भारतीय शिल्प पर आधारित फैशन की वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पहचान बन गयी है, जिसमें पारंपरिक कढ़ाई को पेरिस हौते कॉउचर वीक में प्रदर्शित किया गया था। नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया जैसे संग्रहालयों में अब ट्रांसफ़ॉर्मिंग वर्ल्ड्स जैसी प्रदर्शनियाँ गोंड और मधुबनी कला और उनके आधुनिक रूपों को उनकी संस्कृति या समाज के संदर्भों के बजाय समकालीन कला के तौर पर चित्रित कर रही हैं।

इस परिवर्तन को राष्ट्रीय नेतृत्व और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस आंदोलन को असाधारण गति दी है। उनका वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल का बार-बार किया गया आह्वान कारीगरों के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाता है। वह हमेशा नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है किः जब हम ऐसा करते हैं, तो हम केवल सामान नहीं खरीदते हैं, हम एक परिवार के लिए आशा लाते हैं, एक कारीगर की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं, और एक युवा उद्यमी के सपनों को पंख देते हैं। उन्होंने अपने नवीनतम मन की बात संबोधन में बताया कि वह विश्व के नेताओं के साथ मुलाकातों के दौरान जानबूझकर हाथ से बने भारतीय उत्पादों को ही उपहार के रूप में क्यों देते हैं। ऐसा करके वह यह सुनिश्चित करते हैं कि वह जहाँ भी जाएँ उनके साथ साथ भारत की समृद्ध शिल्प विरासत भी जाये। उन्होंने कहा की कि यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह उनकी ओर से भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने का एक तरीका है ताकि हमारे कारीगरों की प्रतिभा को दुनिया भर के सामने लाया जा सके।

विभिन्न सरकारी पहलें इस परिवर्तन को गति दे रही हैं। वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के माध्यम से, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, क्लस्टर-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, विपणन सहायता, अवसंरचना और प्रौद्योगिकी सहायता और ण उपलब्ध कराकर सीधे सहायता प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) ने भारत भर में अपने 19 परिसरों के माध्यम से, शिल्पकारों और समकालीन डिजाइनरों के बीच सेतु का निर्माण किया है ताकि आधुनिक डिजाइनों में हमारी परम्परा की झलक भी मिल सके। भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने 366 से अधिक हस्तशिल्पों को संरक्षित किया है। इससे सामुदायिक प्रतिभा की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और उन्हें सही में मान्यता मिलती है।

मैं असम राज्य से हूँ, वहां के कई पारंपरिक हस्तशिल्पों जैसे कि सर्थेबारी मेटल क्राफ्ट, माजुली मास्क, बिहू ढोल, जापी, पानी मेतेका, आशारिकांदी टेराकोटा और बोडो समुदाय के कई अन्य हस्तशिल्पों को हाल ही में भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) पंजीकरणों की मान्यता मिली है जो कि बहुत लंबे समय से अपेक्षित थी। प्रत्येक पंजीकरण यह दर्शाता है कि कैसे असम या पूरे भारत के हर कोने में विविधता की झलक मिलती है जो दशकों तक उपेक्षित रहने के बाद, आज राष्ट्रीय मंच पर एक नया स्थान पा रही है।

भारत के हस्तशिल्प विकास में सबसे बड़ा सबक यह है कि परंपरा स्थिर नहीं है बल्कि यह अनुकूलित होती है, अवशोषित होती है और आगे बढ़ती है। जलकुंभी की घरेलू टोकरियों से लेकर अन्य वैश्विक सामानों तक की यात्रा हमारे कारीगर समुदायों के व्यवहारिकता और रचनात्मकता का प्रतीक है। जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने की ओर बढ़ रहा है, वैसे ही हस्तशिल्प क्षेत्र विरासत और नवोन्मेष, ग्रामीण आजीविका और वैश्विक आकांक्षा, पहचान और आधुनिकता के एक शक्तिशाली चौराहे पर खड़ा है।

यह आंदोलन जैसे-जैसे मज़बूत होता जा रहा है, हम सबकी भी ज़िम्मेदारी बनती है कि हर कारीगर को सशक्त बनाया जाए और हमारी प्रत्येक परंपरा फलती-फूलती रहे। भारत की हस्तशिल्प विरासत सिर्फ़ एक याद बनकर नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमारी पहचान एक जीवित अभिव्यक्ति के रूप में फलनी-फूलनी चाहिए। हर बार जब कोई परिवार स्थानीय चीज़ें चुनता है या हर बार जब कोई डिज़ाइनर किसी हस्तशिल्प समूह के साथ भागीदारी करता है, तो वह आत्मनिर्भर भारत की भावना को ही आगे बढ़ाता है। ये वही सधे हुए सृजनशील और सदियों की समझदारी से संजोये हुए हाथ है जो भारत की आने वाली पीढ़ियों का मार्ग दर्शन करेंगे।

# सामाजिक सुरक्षा की ओर कदम श्रम संहिताएँ और डिजिटल ढाँचा

//जी. मधुमिता दास//

**सामाजिक सुरक्षा प्रणालियाँ गरीबी कम करने, मजबूती बढ़ाने और न्यायसंगत विकास को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रत्येक निवासी को, उसकी आय, रोजगार की स्थिति या जनसांख्यिकीय विशेषता की परवाह किए बिना, पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, बेरोजगारी भत्ता या दिव्यांगता सहायता जैसे न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुँच प्रदान करता है। भारत अब सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने की दिशा में पहले से कहीं अधिक नजदीक है-एक ऐसी प्रणाली जिसे अधिकांश राष्ट्र, यहाँ तक कि सबसे विकसित देश भी, दशकों तक निरंतर निवेश और प्रयास करने के बाद ही स्थापित कर पाए।**

श्रम संहिताओं, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के माध्यम से, देश के पास हर कामगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी ढांचा मौजूद है –चाहे वह गिग ड्राइवर हो, फैक्ट्री कर्मचारी हो या निर्माण कार्य करने वाला प्रवासी मजदूर हो । सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ प्रमुख कानूनों को एकल एकीकृत ढांचे में समेकित करती है। इससे प्रशासनिक जटिलता कम करने, लाभों को हस्तांतरित करने की योग्यता बेहतर बनाने, नियोक्ताओं के लिए अनुपालन सरल बनाने और निगरानी व प्रवर्तन मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसकी बदौलत विशेषकर असंगठित क्षेत्र के छोटे उद्यमों के कामगार – जहाँ भारत के 90त्न कामगार काम करते हैं–नौकरशाही की अड़चनों में उलझे बगैर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह संहिता सरकार को भी यह अधिकार देती है कि वह सभी क्षेत्रों में उद्यमों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), मातृत्व लाभ और ग्रेच्युटी का कवरेज बढ़ा सके, ताकि अब तक असुरक्षित रहे कामगारों को लाभ मिल सके और छोटे उद्यमों में स्वैच्छिक पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा, यह राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कोष / राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष की व्यवस्था प्रदान करती है, जहाँ सरकार का वित्तीय योगदान, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का योगदान, नियोक्ता और कर्मचारियों का योगदान एकत्रित किया जा सकता है, जो सामाजिक सुरक्षा कवरेज को सहायता प्रदान कर सकता है। लेकिन केवल कानून बनाना भर ही पर्याप्त नहीं है। जो बात वास्तव में भारत को उसके वैश्विक समकक्षों से अलग कर सकती है, वह है उसका उभरता डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तंत्र–ई-श्रम डेटाबेस और आधार प्रमाणीकरण से लेकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्लेटफ़ॉर्म तक। ये सभी उपकरण मिलकर भारत को पारंपरिक कल्याण मॉडल से आगे बढ़ने और एक पोर्टेबल, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम कल्याण प्रणाली बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, जो दुनिया की किसी भी प्रणाली से अलग है। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश सार्वभौमिकता सुनिश्चित करने के लिए हर निवासी को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं जो सीधे लाभों से जुड़ी होती है। भारत के पास आधार - के रूप में यह सुविधा पहले से मौजूद है–जो अत्यंत विश्वसनीय और निशुल्क प्रमाणीकरण प्रदान करता है। आधार सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की सबसे बड़े बाधाः अर्थात, विभिन्न राज्यों, क्षेत्रों और नियोक्ताओं में लाभार्थियों की पहचान और प्रमाणीकरण को हल करता है। प्रवासी कामगारों के लिए, आधार-सक्षम पोर्टेबिलिटी वह कर सकती है, जो पिछली पीढ़ी के कल्याणकारी सुधार हासिल नहीं कर पाए : स्थान की परवाह किए बगैर लाभों तक निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करना। यह प्रणाली नॉर्वे और डेनमार्क जैसे देशों में डिजिटल आईडी आधारित प्रणालियों की तरह है, जहाँ नागरिक अपनी कल्याण पहचान को अलग-अलग क्षेत्रों और सेवाओं में निर्बाध रूप से अपने साथ रख सकते हैं। जहाँ एक ओर दुनिया भर में संगठित क्षेत्र के कामगार सामान्यतः सामाजिक सुरक्षा कवरेज के अंतर्गत आते हैं, वहीं नियोक्ता-कामगार के बीच स्थिर रोजगार संबंध नहीं होने के कारण असंगठित क्षेत्र के कामगारों को कवर करना कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होता है । कई देश एकीकृत श्रम कानूनों पर भरोसा करते हैं, लेकिन बहुत कम देशों के पास भारत के ई-श्रम डेटाबेस जैसा विशाल राष्ट्रीय श्रमिक रजिस्टर मौजूद है। सामाजिक सुरक्षा संहिता में एकीकृत पंजीकरण तंत्र का प्रावधान ई-श्रम के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो पहले से ही 310 मिलियन से अधिक असंगठित क्षेत्र के कामगारों के जनसांख्यिकीय, कौशल और व्यवसाय संबंधी डेटा को संग्रहित करता है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से प्रत्येक कामगार की विशिष्ट रूप से पहचान की जाती है और उन्हें एक ई-श्रम यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान किया जाता है। भारत की क्षमता–एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से असंगठित कामगारों की विशिष्ट पहचान करना, उन्हें सीधे पंजीकृत करना और ट्रैक करना–सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए तेज़ पंजीकरण, बेहतर पोर्टेबिलिटी और कामगार डेटा के रियल-टाइम अपडेट की सुविधा प्रदान कर सकती है। भविष्य में, यदि ई-श्रम और ईपीएफओ यूएएन को पोर्टेबल बनाया जाता है, तो असंगठित क्षेत्र और संगठित क्षेत्र के बीच श्रमिकों की गतिविधियों को ट्रैक करना संभव होगा। इससे श्रम बाजार की गतिशीलता का विश्लेषण किया जा सकेगा और यह सार्वजनिक नीतियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण डेटा स्रोत साबित होगा।

कल्याण पर ज्यादा ध्यान देने वाले देश बैंकों और पारंपरिक भुगतान प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। हालाँकि भारत ने दुनिया के सबसे तेज़, कम लागत वाले और इंटरऑपरेबल भुगतान नेटवर्क में से एक यूपीआई की पहल की है। डीबीटी के साथ एकीकृत होने के कारण, भारत के पास सामाजिक सुरक्षा भुगतान को तुरंत और सीधे कामगारों के खाते में पूरे देश में कहीं भी भेज सकने की प्रमाणित क्षमता है।

यह एक ऐसी क्षमता है जिसके लिए विकसित अर्थव्यवस्थाएँ भी संघर्ष करती हैं। महामारी के दौरान, अमेरिका तक में लाखों लोगों को प्रोत्साहन चेक के लिए हफ्तों बाट जोहनी पड़ी थी । इसके विपरीत, भारत ने आपातकालीन कोविड-19 भुगतान लाखों लाभार्थियों तक अभूतपूर्व गति से हस्तांतरित किया था। केंद्रीय और राज्य सरकारों के पास जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य कवरेज, मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा आदि से जुड़ी कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ हैं। इन योजनाओं में ई-श्रम पंजीकृत कामगारों को शामिल करके तथा यूपीआई और डीबीटी का उपयोग करके, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा को बड़े पैमाने पर, उपयोगकर्ता-अनुकूल, पारदर्शी और कुशल तरीके से हासिल किया जा सकता है। इतिहास में पहली बार, भारत के पास सभी महत्वपूर्ण साधनः कानूनी ढांचा (श्रम संहिताएँ), एक राष्ट्रीय श्रमिक रजिस्टर (ई-श्रम), एक सार्वभौमिक पहचान प्रणाली (आधार), एक रियल-टाइम भुगतान प्रणाली (यूपीआई) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली (डीबीटी) मौजूद हैं । यह संयोजन वैश्विक स्तर पर दुर्लभ है। यदि इसे सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो भारत एक ऐसा सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा मॉडल बना सकता है जो केवल समावेशी ही नहीं, बल्कि मूल रूप से डिजिटल आधारित और भविष्य के लिए सुरक्षित भी हो– एक ऐसा मॉडल, जिसका अन्य देश एक दिन अध्ययन करें।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को नई दिल्ली में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने और भारत की भाषाई विरासत को बचाने पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुईं।



नई दिल्ली में दिल्ली मेट्रो कैंपेन के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन की ऑफिसर-इन-चार्ज कैथरीना बोहेम, यूनियन हेल्थ मिनिस्ट्री के सदस्यों के साथ।



नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।



स्टारलिंक की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर ने नई दिल्ली में केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया से मुलाकात की।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कीर्ति आज़ाद, यूसुफ पठान, डोला सेन, सागरिका घोष, सायोनी घोष और अन्य सांसदों ने नई दिल्ली में संसद के विंटर सेशन के दौरान मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल को दिए गए फंड पर सरकार से व्हाइट पेपर लाने की मांग करते हुए कोरे व्हाइट पेपर पकड़े हुए प्रोटेस्ट किया।



नई दिल्ली में पूर्व गृह मंत्री सी राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने के लिए संविधान सदन में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला (बाएं), कांग्रेस सांसद जयराम रमेश (दाएं), भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी।



रोशनी के त्योहार दीपावली को यूनेस्को की इंसानियत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रिप्रेजेंटेटिव लिस्ट में शामिल किए जाने के बाद एक सेलिब्रेशन के दौरान केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत (बीच में) और दूसरे लोग। इस खास टैग को मिलने की खुशी में जश्न मनाया गया।

# मोदी ईवीएम नहीं देशवासियों के दिलों को करते हैं हैक, संसद में बोलीं MP कंगना रनौत



**शिमला, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सांसद कंगना रनौत ने लोकसभा में कहा कि एक नए सांसद के रूप में उनका यह पहला वर्ष विशेष रूप से विपक्ष के व्यवहार के कारण अत्यंत चिंताजनक और मानसिक रूप से पीड़ादायक रहा है। पूरे वर्ष विपक्ष ने संसद को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया। हर दिन सदन में तमाशा, नारेबाजी, वेल में आना, डराना-धमकाना और धक्कामुक्की यह सब लोकतंत्र का अपमान है। हम यहां जनता की आवाज बनने आए हैं, सीखने आए हैं, लेकिन विपक्ष ने संसदीय मर्यादाओं को रौंदने का काम किया है। प्रधानमंत्री ईवीएम को हैक नहीं करते, वह देशवासियों के दिलों को हैक करते हैं। इसलिए कांग्रेस बार-बार ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ती है। कंगना रनौत ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पूरे देश को उनसे किसी बड़े खुलासे की उम्मीद थी, लेकिन उनके भाषण में न कोई ठोस तथ्य था, न कोई ठोस मुद्दा। खादी, धागा और लोग इसी में उनका पूरा फ्रेम सिमट गया। अंतरराष्ट्रीय मूल की एक महिला की तस्वीर संसद में प्रदर्शित करने पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि वह महिला कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुकी हैं कि उनका भारत या हरियाणा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद बिना प्रमाण उनके चित्र का उपयोग कर व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन किया गया।महिला सांसद होने के नाते मैं पूरे सदन की ओर से उस महिला से सार्वजनिक रूप से माफी मांगती हूं। यह महिलाओं के सम्मान पर आघात है। जो पार्टी महिलाओं के सम्मान की दुहाई देती है, वही बार-बार महिलाओं का अपमान भी करती है। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, शौचालय, छात्रवृत्तियां और आत्मनिर्भर महिला योजनाएं देश में महिलाओं को वास्तविक सम्मान और सशक्तीकरण दे रही हैं।

## ग्वालियर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवाएं प्रभावित केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया डेढ़ घंटे तक फंसे



**ग्वालियर 11 दिसम्बर।** ग्वालियर में जारी इंडिगो फ्लाइट संकट ने यात्रियों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। बुधवार को जहां इंडिगो की ग्वालियर-दिल्ली उड़ान सामान्य रूप से चली, वहीं ग्वालियर-मुंबई फ्लाइट को 13 दिसंबर तक स्थगित कर दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी आधिकारिक जानकारी साझा की।दिल्ली से ग्वालियर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी फ्लाइट देरी की स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि उन्हें स्वयं एयरपोर्ट पर करीब डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा। एयरपोर्ट डायरेक्टर लोकेश यादव के अनुसार, मुंबई-ग्वालियर और ग्वालियर-मुंबई उड़ानों का संचालन फिलहाल एयरलाइन कंपनी द्वारा रोका गया है। हालांकि बेंगलुरु-ग्वालियर-बेंगलुरु और दिल्ली-ग्वालियर-दिल्ली फ्लाइट्स पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से जारी हैं, जिससे प्रमुख रूट प्रभावित नहीं हो रहे। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइन सभी प्रभावित यात्रियों को पहले से ही सूचित कर रही है, ताकि वे अपनी यात्रा योजनाओं में आवश्यक बदलाव कर सकें। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इस स्थिति पर निरंतर नजर रखे हुए है और एयरलाइन के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि किसी भी यात्री सेवा पर असर न पड़े। एयरपोर्ट पर सुरक्षा, चेक-इन और अन्य सभी मूलभूत सेवाएं पूरी तरह उपलब्ध हैं।

## जोजिला में वाहनों की आवाजाही के लिए समय सारिणी जारी, श्रीनगर-कारगिल रोड पर तय हुए नए टाइम-स्लॉट



**श्रीनगर, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सर्दियों के मद्देनजर श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी मार्ग पर (श्रीनगर-कारगिल) अगले आदेश तक जोजिला में वाहनों की आवाजाही के लिए बुधवार को समय सारिणी तय कर दी गई। यह समय सारिणी हिमपात के चलते जोजिला को यातायात के लिए बंद करने से पूर्व बहाल रहेगी। कारगिल से श्रीनगर की तरफ आने वाले वाहनों को सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक जोजिला पार करने की अनुमति रहेगी। कश्मीर से कारगिल-लेह जाने वाले वाहनों को सुबह 11.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक ही सोनमर्ग से आगे जोजि ला पार करने की अनुमति होगी। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि मंडलायुक्त कश्मीर अंशुल गर्ग ने श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी रोड पर गाड़ियों की आवाजाही और जो जिला पास के खुलने और बंद होने के शेड्यूल की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई।इसमें कारगिल और गांदरबल के जिला उपायुक्त, जिला एसएसपी, एसएसपी रुरल कश्मीर, बीआरओ और बीकन के अधिकारियों ने भाग लिया। मंडलायुक्त ने बैठक में जोजिला में वाहनों की आवाजाही की समय सारिणी को तय करने के साथ संबंधित अधिकारियों से कहा कि वह बीआरओ और विजयक के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद समन्वय बनाए रखें ताकि जोजिला पास को समय पर खोलने और बंद करने में दिक्कत न हो।अब सर्दियां शुरू हो चुकी हैं। किसी समय हिमपात हो सकता है, इसलिए सोनमर्ग-जोजिला-कारगिल सड़क की स्थिति की लगातार निगरानी जरुरी है।

## प्रयागराज में निष्क्रिय अग्निशमन उपकरणों के भरोसे होटलों की सुरक्षा, संचालकों को दो दिन में सुधार का अल्टीमेटम



**प्रयागराज, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

होटलों व रेस्टोरेंटों में लगे अग्निशमन उपकरणों को परखने के लिए बुधवार को भी जांच अभियान चलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने जांच की तो पाया कि 17 होटल व रेस्टोरेंट में लगे अग्निशमन उपकरण निष्क्रिय हैं।संचालकों को दो दिन में व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही गई है। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय के बाद फिर जांच होगी और अगर खामियों को दूर नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों के मौत के बाद अग्निशमन विभाग द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। बुधवार को दिनभर टीम ने सिविल लाइंस क्षेत्र के 21 होटलों व रेस्टोरेंटों में जांच की। सीएफओ के साथ अग्निशमन अधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने फायर इक्यूपमेंट समेत अन्य उपकरणों को देखा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि सिविल लाइंस स्थित होटल इलावर्ट, ग्रैंड कांटिनेंटल, इलाहाबाद रेजेंसी, नवीन कांटिनेंटल, कान्हा श्याम बार एंड रेस्टोरेंट, तृप्ति बार एंड रेस्टोरेंट, ले लायन बार एंड रेस्टोरेंट, इनफिंटी विस्ट्रो बार, होटल विलास एंड ब्रिज द रेस्टोरेंट, यूपी 70 बार एंड रेस्टोरेंट जार्जटाउन, होटल प्लेसिड टैगोर टाउन समेत 17 में कमियां मिलीं हैं।इन सभी को दो दिन का समय दिया गया है। तय समय में अगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन माह से वेतन नहीं मिलने से भुखमरी की कगार पर संविदाकर्मी, बच्चों की शिक्षा पर भी आफत

**भागलपुर।** भागलपुर जिले में कार्यरत नेशनल हेल्थ मिशन के संविदा कर्मी इन दिनों भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। पिछले तीन महीनों से इन्हें वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। इन कर्मियों को भुगतान के लिए नई प्रक्रिया का पालन करना है, लेकिन प्रशिक्षण के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि तीसरा महीना गुजरने वाला है, लेकिन वेतन के लिए कोई पहल नहीं की गई है। इस स्थिति में भोजन की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। घर में बीमार होने पर दवा खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। इधर, अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता का भुगतान मार्च 2025 से बकाया है, जिससे महिलाएं और उनके परिजन अस्पताल में हंगामा कर रहे हैं। टीकाकरण में सहयोग करने वाले कोरियर वर्कर्स का भुगतान भी लंबित है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गाड़ी का भुगतान नहीं हुआ है।कुष्ट रोग संबंधी कार्यक्रम में लगे कर्मियों का भी भुगतान रुका हुआ है।

## पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग के छापे से अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों में मचा हड़कंप, 12 दुकानें सील



**हरिद्वार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस ने बुधवार को सिडकुल थाना क्षेत्र के रावली महदूद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम को देख कई मेडिकल स्टोर और क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। वह अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिराकर भाग खड़े हुए। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर टीम ने 12 मेडिकल स्टोर सील कर दिए। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि सिडकुल थाना क्षेत्र के रावली महदूद में कई मेडिकल स्टोर अवैध रूप से संचालित होने की शिकायतें पिछले कई दिनों से मिल रही थी। मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित दवा की बिक्री, बिना बिल के दवाओं की खरीद-फरोख्त समेत अन्य अनियमितताएं बरते जाने की बात सामने आ रहीं थी। इस पर सिडकुल पुलिस के साथ बुधवार को विभाग की टीम जांच के लिए रावली महदूद क्षेत्र में पहुंची। जांच के लिए टीम आने की खबर मिलते ही देख कई लोग अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग निकले। इसके बावजूद भी टीम ने कई मेडिकल स्टोरों पर जांच की। इस दौरान स्टाक समेत अन्य अनियमितताएं मिलने पर 12 मेडिकल स्टोर सील कर दिए गए।मेडिकल स्टोरों का स्टाक चेक करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आने वाले दिनों में भी जिले में विभाग का अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## सफेदपोश आतंकी मुजम्मिल को दोबारा अल फलाह यूनिवर्सिटी लेकर पहुंची एनआइए

### स्टाफ से दो घंटे तक चली पूछताछ




**फरीदाबाद, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सफेदपोश आतंकी डा. मुजम्मिल को लेकर एनआईए अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची। मुजम्मिल को यूनिवर्सिटी परिसर में ही स्थित हास्टल में डा.शाहीन और उमर के फ्लैट में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि मुजम्मिल को सामने बैठाकर एनआईए ने स्टाफ के कई सदस्यों से भी पूछताछ की। करीब दो घंटे तक चली पूछताछ के बाद जांच एजेंसी यूनिवर्सिटी परिसर से निकली। दिल्ली धमाके में शामिल उमर के साथी मुजम्मिल को एनआईए गिरफ्तारी के बाद दूसरी बार यूनिवर्सिटी लेकर पहुंची थी। इसको जांच प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी अभी भी यूनिवर्सिटी परिसर और धौज गांव में मुजम्मिल के नेटवर्क को पूरी तरह से खंगाल रही है। मुजम्मिल धौज, फतेहपुर तगा और सिरोही गांव के जरूरतमंद लोगों से संपर्क में था। धौज गांव की फतेहपुर तगा रोड पर ही मुजम्मिल ने किराए पर मकान लेकर हथियार और विस्फोटक छिपाए थे।

## बस्तर ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए रायपुर पहुंची बॉक्सर मैरी कॉम, युवाओं को संघर्ष और हिम्मत का संदेश दिया



**रायपुर, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुकीं प्रसिद्ध बॉक्सर मैरी कॉम ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कभी हार मत मानो। मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वे बुधवार को रायपुर पहुंचीं, जहां वे गुरुवार को होने वाले बस्तर ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आई है। मैरी काम ने कहा कि आज सरकार और समाज दोनों खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेहतर सुविधाएं, मंच और अवसर मिलने से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यदि लड़कियों को खेलों में और अधिक अवसर दिए जाएं, तो वे हर खेल में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती हैं और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। बाक्सर मैरी काम ने छत्तीसगढ़ में खेलों को लेकर बढ़ते उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में बड़े स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित होना अपने आप में बड़ी बात है। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक प्रतिभा की कमी नहीं है। यहां के युवाओं में फुर्ती, ताकत और स्टैमिना भरपूर है। यदि इन्हें सही मार्गदर्शन, आधुनिक ट्रेनिंग और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों, तो यहां के खिलाड़ी आसानी से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं।मैरी काम ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया के बजाय मैदान में अधिक समय दें और किसी भी खेल को पूरी समर्पण भावना से अपनाएं।बस्तर ओलंपिक में अपनी मौजूदगी को लेकर उन्होंने खुशी जताई और कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल संस्कृति को मजबूत करने का बड़ा माध्यम हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ से कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे।

### मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त होगा भारत, MP दीपक प्रकाश बोले पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निर्णायक मोड़ पर

**रांची।** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बुधवार को सदन में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त करने जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहां, नक्सलवाद का अंत अब निकट है। उन्होंने सदन में कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की निर्णायक नीति, कड़ी निगरानी और विकास आधारित दृष्टिकोण ने नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर कर दिया है।दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से संकल्प लिया है कि मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद मुक्त घोषित होगा। सदन में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या कम हुई है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मोबाइल कनेक्टिविटी और आदिवासी क्षेत्रों में विकास योजनाओं की प्रगति ने नक्सलवाद के आधार को कमजोर किया है।

## बेटी की सहेली से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा पैरोल जंपर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** मयूर विहार थाना क्षेत्र में पाक्सो एक्ट में उम्रकैद की सजा काट रहे पैरोल जंपर को क्राइम ब्रांच की टीम ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान त्रिलोक पुरी के वाहिद खान के रूप में हुई है जो सितंबर 2021 से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपित ने अपनी बेटी की 13 वर्षीय सहेली के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। ट्रायल के बाद, उसे 2018 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उसे एक सितंबर 2021 को पैरोल मिली थी, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया था। उपायुक्त पंकज कुमार के मुताबिक, नौ दिसंबर को हेड कांस्टेबल नितिन कुमार को आरोपित वाहिद के गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली थी, जिस पर एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में और इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर मंडोली जेल में भेज दिया गया।

### असम के चिमनी भट्ठे से सारण के 7 बंधुआ मजदूर मुक्त

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग की टीम ने असम के तीनसुकिया जिले में चिमनी भट्ठे पर बंधक बनाए गए सारण जिले के सात श्रमिकों को मुक्त कराया है। ये श्रमिक अमनौर और मकेर थाना क्षेत्र के हैं, जिनसे चिमनी मालिक कौशल सिंह द्वारा जबरन काम कराया जा रहा था।विभाग के अनुसार, मुक्त कराए गए श्रमिकों में संजय कुमार, गजेन्द्र महतो, राजकुमार महतो, गणेशी महतो, सनोज महतो, मुकेश नट और सुरेश राम शामिल हैं। सभी श्रमिकों ने विभाग की टीम को बताया कि उन सबका मोबाइल जब्त कर लिया गया था। उनसे जबरन काम कराया जा रहा था और विरोध करने पर मारपीट भी की जा रही थी।

## नोटिस बेअसर, नोएडा में परिवहन विभाग बकाया वसूली में नाकाम, अब 15 हजार वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी



**नोएडा, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

शहर में बकाएदारों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। वर्षभर में दो हजार बकाएदार और बढ़े हैं। पहले से ही बकाएदारों से वसूली की प्रक्रिया बेहद धीमी है। वर्तमान में 15 हजार से अधिक पर विभाग के 200 करोड़ रुपये बकाया है। यह वाणिज्यिक वाहन हैं। इनसे विभाग को कर मिलता है। इनकी सूची तैयार है लेकिन वसूली नहीं हो सकी है। विभाग की ओर से एक बार फिर यह सूची तैयार करने की कवायद शुरू की जा रही है। मोटे बकाएदारों पर कार्रवाई के लिए विभाग निर्णय ले चुका है।बता दें परिवहन विभाग की ओर से 15 हजार से अधिक बकाएदारों को तीन बार नोटिस जारी किया गया। नोटिस के बाद भी यह रकम जमा नहीं हो सकी है। बकाएदारों पर नोटिस का असर नहीं नजर आया। इसकी वजह से वर्षभर में दो हजार बकाएदारों की संख्या और बढ़ गई। बकाया नहीं चुकाने के बाद भी वाहनों का संचालन सड़कों पर हो रहा है। ऐसे वाहनों को ब्लैकलिस्ट सूची में शामिल करने के लिए विभाग की ओर से जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है। अनुमति मिलने पर विभाग का प्रवर्तन दल अभियान चलाकर ब्लैकलिस्ट वाहनों को जब्त कर कार्रवाई करेगा।इस वित्तीय वर्ष में विभाग को मिले करीब चार करोड़ रुपये की वसूली के लक्ष्य में से सात माह में विभाग की ओर से करीब सवा दो करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। इनमें सबसे अधिक टैक्सी मालिकों पर 28 करोड़, बसों के मालिकों पर 12 करोड़ और ट्रक मालिकों पर आठ करोड़ रुपये से अधिक बकाया हैं।बकाएदारों पर सख्ती लगातार की जा रही है। विभाग की ओर नोटिस जारी किए गए हैं।

### ठंड में सुस्त पड़ा सीएचसी का स्वास्थ्य तंत्र, समय पर नहीं पहुंच रहे डॉक्टर साहब

**रजौन (बांका) 11 दिसम्बर।** सरकार की सख्ती और लगातार निर्देशों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की जमीनी तस्वीर सुधरने का नाम नहीं ले रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थितियों ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती और लापरवाही को उजागर कर दिया है। ठंड बढ़ते ही डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की समयपालन की आदत और ढीली पड़ गई है, जिसका सीधा खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। बुधवार सुबह लगभग नौ बजे जागरण की टीम आन द स्पाट अभियान के तहत जब सीएचसी पहुंची तो अस्पताल की व्यवस्था चरमराई हुई मिली। सुबह 9.30 बजे तक ओपीडी पूरी तरह खाली पड़ी थी। न चिकित्सक मौजूद थे, न ही विभागीय कर्मी। डेंटल विभाग की स्थिति भी ऐसी ही रही। केवल इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ड्यूटी पर मिले। दवा काउंटर व रजिस्ट्रेशन काउंटर भी निर्धारित समय से देर से खोले गए, जिससे मरीजों को निराश होकर इंतजार करना पड़ा।सबसे खराब स्थिति जांच कक्ष की रही।

## MP की शराब तस्करी के मास्टरमाइंड उदय सहित 4 गिरफ्तार, 669 लीटर शराब व 17.61 लाख बरामद



**पटना, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश से शराब लाकर पटना, हाजीपुर से लेकर सारण तक तस्करी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड समेत चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जक्कनपुर थाने की पुलिस ने मद्य निषेध विभाग की सूचना पर मीठापुर और इंदिरा नगर में दो घरों में दबिश देकर इनके पास से 669 लीटर शराब, जिसकी कीमत दस लाख रुपये बताई जा रही है, जब्त कर ली है।तस्करी में इस्तेमाल दो स्कूटी और आठ मोबाइल के साथ ही शराब तस्करी से अर्जित 17.61 लाख नकद बरामद किया गया है। चारों की पहचान उदय कुमार उर्फ हरीश, रोहित कुमार, कुणाल कुमार और अभिषेक कुमार के रूप में हुई। सभी सारण जिला के इसुआपुर और मशरक के रहने वाले है।उदय इस गिरोह का मास्टरमाइंड है, जो पूर्व में भी मध्य प्रदेश में शराब स्टोर करने के मामले में जेल जा चुका है। सदर एएसपी अभिनव ने बताया कि सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है। एमपी में कहां से शराब खरीद रहे थे। इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। उदय पूर्व में एमपी में जेल जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित किराये का कमरा लेकर शराब की तस्करी कर रहे हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने पहले बुद्धा कालोनी में दबिश दी। वहां से मीठापुर पुराने बस स्टैंड और इंदिरा नगर में दो घरों की तलाशी ली गई, जहां से चारों आरोपितों को शराब की खेप, स्कूटी और नकद के साथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में पता चला कि मास्टरमाइंड उदय शराब की तस्करी के लिए रोहित, कुणाल और अभिषेक को साथ रखा था। बदले में इन्हें कमीशन देता था। यह गिरोह पिछले एक साल से सक्रिय था। उदय का कनेक्शन मध्य प्रदेश में सक्रिय तस्करों से हैं।गिरोह मध्यम प्रदेश से ट्रेन के जरिए शराब दानापुर मंगा रहा था। फिर वहां से आटो-ई-रिक्शा के जरिए जक्कनपुर स्थित दोनों ठिकानों पर भेजा जाता था। चेन बनाकर पटना के साथ ही हाजीपुर से लेकर सारण तक तस्करी करते थे।







# लेदर कोट्स की देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके, लंबे समय तक रहेंगे ठीक

*लेदर कोट्स एक बेहतरीन फैशन स्टेटमेंट होते हैं। ये न केवल आपको स्टाइलिश दिखाते हैं, बल्कि आरामदायक भी होते हैं। हालांकि, इनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। खासकर जब बात सफाई और रखरखाव की आती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने लेदर कोट्स को साफ और नए जैसा बनाए रख सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने कोट्स की उम्र बढ़ा सकते हैं।*

*हल्के साबुन और पानी का उपयोग करें*

*लेदर कोट्स को साफ करने के लिए हल्के साबुन और पानी का उपयोग करें। एक बाल्टी पानी में थोड़ा सा लिक्विड डिटर्जेंट मिलाएं और एक मुलायम कपड़े को इस मिश्रण में डुबोकर कोट पर हल्के हाथों से रगड़ें। ध्यान रखें कि पानी ज्यादा न हो क्योंकि इससे कोट खराब हो सकता है। इस प्रक्रिया से गंदगी और धूल हट जाएगी, जिससे आपका लेदर कोट नया जैसा दिखेगा।*

*प्राकृतिक तरीके अपनाएं*

*लेदर कोट्स की गंध दूर करने के लिए आप प्राकृतिक तरीकों का सहारा ले सकते हैं। इसके लिए कोट को कुछ घंटों के लिए धूप में रखें, लेकिन ध्यान रखें कि सीधी धूप न पड़े क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है। इसके अलावा आप बेकिंग सोडा का भी उपयोग कर सकते हैं। थोड़ी मात्रा में बेकिंग सोडा को कोट पर छिड़कें और रातभर के लिए छोड़ दें, फिर सुबह इसे झाड़ लें।*

*दाग हटाने के लिए रबर का उपयोग करें*

*अगर आपके लेदर कोट पर कोई छोटा-मोटा दाग लग गया हो तो उसे हटाने के लिए रबर का उपयोग करें। रबर को दाग वाले स्थान पर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएगा। अगर दाग पुराना हो गया हो तो आप साबुन पानी का भी उपयोग कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि ज्यादा पानी न लगे। इस तरीके से आपके लेदर कोट पर कोई निशान नहीं रहेगा और वह नया जैसा दिखेगा।*

*स्प्रे क्लीनर का करें उपयोग*

*लेदर कोट्स के लिए बाजार में स्प्रे क्लीनर उपलब्ध होते हैं, जिन्हें आप आसानी से खरीद सकते हैं। इन स्प्रे क्लीनर्स का उपयोग करके आप अपने लेदर कोट को बिना किसी नुकसान के साफ कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि स्प्रे क्लीनर बहुत तेज न हो ताकि लेदर को नुकसान न पहुंचे। इन स्प्रे क्लीनर्स का उपयोग करके आप अपने लेदर कोट को नया जैसा बनाए रख सकते हैं और उसकी उम्र बढ़ा सकते हैं।*

*स्टोर करने का सही तरीका अपनाएं*

*लेदर कोट्स को सही तरीके से स्टोर करना बहुत जरूरी है ताकि वे लंबे समय तक अच्छे बने रहें। इन्हें हमेशा हेंगर पर लटकाकर रखें ताकि उनकी शेप बनी रहे और सिकुड़न न आए। अगर लंबे समय तक उपयोग न करना हो तो प्लास्टिक या पेपर कवर में पैक करके रखें ताकि धूल-मिट्टी जमा न हो। इस प्रकार इन सरल तरीकों अपनाकर आप अपने लेदर कोट्स को साफ-सुथरा रख सकते हैं और उनकी उम्र बढ़ा सकते हैं।*



## त्रिगुण और हेबा पटेल हॉरर थ्रिलर ईशा ट्रेलर रिलीज़, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज़

आगामी हॉरर थ्रिलर ईशा में त्रिगुण और हेबा पटेल मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही अखिल राज, सिरी हनमंत और पृथ्वीराज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। टीम ने हाल ही में एक नया और खौफनाक ट्रेलर रिलीज़ किया है जो तुरंत ध्यान खींच लेता है। इसकी शुरुआत चार दोस्तों से होती है जो धोखेबाज आध्यात्मिक गुरुओं के पीछे की सच्चाई का पता लगाने निकलते हैं।

हालाँकि, बबलू पृथ्वीराज भूतों के अस्तित्व को साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर आगे आता है, और उन्हें और दर्शकों को एक अंधेरे, अशांत क्षेत्र में खींच ले जाता है, जो भयावह क्षणों से भरा है। दोस्त जल्द ही खुद को भय से घिरा हुआ पाते हैं। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, एक खौफनाक, वीरान घर दिखाई देता है जिसमें छिपी हुई आत्माएँ रहती हैं, और चारों दोस्त अंदर फँसे हुए हैं। उनके अस्तित्व के संघर्ष पर केंद्रित कहानी दर्शकों को उनके भाग्य के बारे में जानने के लिए उत्सुक कर देती है। उस भूतिया इमारत के अंदर उनके साथ क्या हुआ था? उस वीरान इमारत का काला इतिहास क्या है? ये झलकियाँ कई दिलचस्प सवाल खड़े करती हैं। क्या वे दोस्त ज़िंदा बच पाए? भूतों के पीछे क्या राज़ छिपे हैं? ट्रेलर सस्पेंस और कौतूहल को सफलतापूर्वक बढ़ाता है, और निर्माता दर्शकों के लिए एक रोमांचक, रोमांचक हॉरर अनुभव का वादा करते हैं। आरआर ध्रुवन का बैकग्राउंड स्कोर तनाव को बढ़ाता है, और दृश्य और प्रोडक्शन क्वालिटी प्रभावशाली रूप से उभर कर सामने आते हैं। एचवीआर प्रोडक्शंस के तहत पोथुला हेमा वेंकटेश्वर राव द्वारा निर्मित, इस फिल्म में एक कुशल तकनीकी टीम है जिसमें सिनेमैटोग्राफी के लिए संतोष सनमोनी, संगीत के लिए आरआर ध्रुवन और संपादन का काम विनय संभाल रहे हैं। लिटिल हार्ट्स और राजू वेड्स रामबाई जैसी फिल्मों की शानदार सफलता के बाद, निर्माता बनी वास और वामसी नंदीपति अब एक और दमदार प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। विषय-वस्तु पर आधारित कहानियों के चयन में अपनी गहरी समझ के लिए जाने जाने वाले, यह जोड़ी ईशा को अपने-अपने बैनर तले प्रस्तुत कर रही है। उनके सहयोग ने फिल्म को लेकर चर्चा को काफ़ी बढ़ा दिया है, जिससे एक और दमदार सिनेमाई अनुभव की उम्मीदें बढ़ गई हैं। 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज़ के लिए तैयार है फिल्म।

## अनुपमा परमेश्वरन की इमोशनल थ्रिलर लॉकडाउन की नई रिलीज़ डेट का ऐलान, अब कल रिलीज़ होगी

अनुपमा परमेश्वरन लॉकडाउन को नई डेट मिल गई है। अनुपमा परमेश्वरन न सिर्फ़ अपनी ज़बरदस्त एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि घरेलू रोल और ग्लैमरस रोल के बीच अपने अनोखे ट्रांसफ़ॉर्मेशन के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें आखिरी बार ध्रुव विक्रम की स्पोर्ट्स ड्रामा बाइसन में देखा गया था।

## रिया चक्रवर्ती ने एग फ्रीजिंग पर अपने विचार शेयर किए



रिया चक्रवर्ती ने एग फ्रीजिंग पर अपने विचार शेयर किए। रिया चक्रवर्ती ने पत्रकारों से बात करते हुए एग फ्रीजिंग पर अपने विचार और राय शेयर की।उन्होंने कहा, मैं 33 साल की हूँ और हाल ही में एग फ्रीजिंग के लिए एक गायनेकोलॉजिस्ट के पास गई थी। मैं ऐसा करने के बारे में सोच रही हूँ, उन्होंने आगे कहा, यह बहुत अजीब जगह है। आपकी बॉडी क्लॉक आपको बता रही है कि आपको बच्चे पैदा करने की ज़रूरत है, लेकिन आपका मन आपको बता रहा है कि आपका पहले से ही एक बच्चा है - आपका ब्रांड, आपका बिज़नेस और आपको उस बच्चे की देखभाल करनी है।

रिया चक्रवर्ती ने माना, एग फ्रीजिंग तकलीफ़देह है, लेकिन अगर इससे मदद मिले तो करवाएं, और कहा, 32 साल की उम्र में, मुझे लगता है कि परिवार शुरू करने के बारे में सोचने से पहले मुझे अपने करियर में और भी बहुत कुछ हासिल करना है,

वह एमटीवी इंडिया के टीवीएस स्कूटी टीन डीवा में फर्स्ट रनर-अप थीं। बाद में वह एक पॉपुलर एमटीवी वीजे बन गईं, और उन्होंने पेप्सी एमटीवी वासअप, टिकटैक कॉलेज बीट और एमटीवी गॉन इन 60 सेकंड्स जैसे शो होस्ट किए।

## आदी पिनीशेट्टी की रोमांचक थ्रिलर ड्राइव का ट्रेलर जारी

ड्राइव में आदी पिनीशेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि मैडोना सेबेस्टियन मुख्य भूमिका में हैं। भव्य क्रिएशन्स के बैनर तले वी. आनंद प्रसाद द्वारा निर्मित और जेनुसे मोहम्मद द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्देशन किया गया है। प्रचार सामग्री ने सभी को प्रभावित किया और आज निर्माताओं ने ट्रेलर का अनावरण किया। ट्रेलर में दक्षिण भारत के एक जाने-माने मीडिया हाउस, प्रजा मीडिया कॉर्पोरेशन का परिचय दिया गया है। इसके प्रमुख, जय (आदि पिनिशेट्टी) अपनी मंगेतर, मैडोना सेबेस्टियन के साथ लंदन जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी दौरान, एक हैकर कंपनी के खातों में घुसपैठ करता है। वह जय की हर गतिविधि पर नज़र रखता है और उसे जान से मारने की धमकी देता है। हैकर प्रजा मीडिया कॉर्पोरेशन के सभी गोपनीय मामलों को ऑनलाइन उजागर करना शुरू कर देता है, जिससे कंपनी की छवि और प्रतिष्ठा धूमिल होती है।

## 8 घंटे की नींद जरूरी नहीं, 6 घंटे की नींद भी पर्याप्त, जानें कैसे



हमसे अक्सर कहा जाता है कि 8 घंटे की नींद जरूर लेनी है। विशेषज्ञ भी सलाह देते हैं कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए 7 से 9 घंटे की नींद लेना जरूरी है। कई अध्ययनों में कहा गया है कि रोजाना 7-8 घंटे से कम नींद लेने पर मोटापे, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। अब एक विशेषज्ञ ने कहा है कि 6 घंटे की नींद भी पर्याप्त है, बस ये अच्छी होनी चाहिए।

**8 घंटे की नींद का होता है नियम**-रिपोर्ट के मुताबिक, 7 से 9 घंटे की नींद की जो सलाह दी जाती है, वो औसत है और इसका मतलब ये नहीं है कि हर व्यक्ति को 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। उन्होंने कहा, कुछ ऐसे लोग होते हैं, जिन्हें 5-6 घंटे की नींद की ही जरूरत पड़ती है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें 10-11 घंटे की नींद चाहिए।

**नींद की गुणवत्ता रखती है मायने**- रिपोर्ट के मुताबिक, नींद के समय से ज्यादा नींद की गुणवत्ता मायने रखती है। उन्होंने कहा कि नींद की गुणवत्ता इस बात पर निर्भर करती है कि जब आप बिस्तर पर सोने जा रहे हैं, तब नींद का दबाव और लय कितने हैं। दिन में जितने ज्यादा समय तक हम जागते हैं, नींद का दबाव उनता ज्यादा बढ़ता है, वहीं नींद की लय हमारे शरीर की आंतरिक घड़ी के तौर पर काम करती है।

**20-30 मिनट के अंदर आ जानी चाहिए नींद**- एक अच्छी नींद के लिए नींद के दबाव और लय का साथ मिलकर काम करना जरूरी है। डॉक्टर टोनी कनिंघम के मुताबिक, आपको सोने तभी जाना चाहिए, जब नींद का दबाव इतना हो कि आप 20 से 30 मिनट के अंदर सो जाएं और अगर आपको 20-30 मिनट के अंदर नींद नहीं आ रही है तो इसका मतलब नींद का पर्याप्त दबाव नहीं बना है। ऐसा होने पर उन्होंने नहाने और मेडिटेशन करने जैसी कोई गतिविधि करने की सलाह दी।

**नींद की गुणवत्ता सुधारने के लिए ये करें**- नींद की गुणवत्ता सुधारने के लिए रोजाना एक ही समय पर उठना शुरू करें। इसका रोजाना एक सही समय पर सोने से ज्यादा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कई बार नींद नहीं आती तो सोने का समय निश्चित नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब एक बार नींद का पूरा एक रूटीन बन जाएगा, तब खुद ही आपको उस वक्त पर नींद आने लगेगी और शरीर को पता होगा कि कितने घंटे की नींद चाहिए।



## पलक तिवारी ने फ्लोरल गाउन में ढाया कहर, हुस्न और अदाओं से मचाया तूफान! यूजर बोला-...चॉकलेट लेडी

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने स्टारकिड से बाहर निकलकर अब एक्ट्रेस के तौर पर अपनी पहचान बना ली है. आखिरी बार पलक को रोमियो स्3 में देखा गया था. हालांकि, पलक तिवारी सिर्फ पर्दे पर ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस के साथ जुड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं.

पलक तिवारी अक्सर अपने चाहने वालों के साथ फोटोज और वीडियोज साझा करती रहती हैं. इसी बीच उन्होंने फ्लोरल गाउन में अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की है, जिसमें उनका लुक देखकर लड़के ही नहीं बल्कि लड़कियां भी एक्ट्रेस की दीवानी हो चुकी हैं.

पलक तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम पर फ्लोरल गाउन में अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद फैंस खुद पर काबू नहीं रख पा रहे हैं. तस्वीरों में उनकी कातिल अदाएं और जानलेवा हुस्न लोगों को मदहोश कर रहा है.

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर यूजर्स ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार लगा दी है. हर कोई पलक के इस ग्लैमरस लुक को देखकर उनकी तारीफ करते नहीं थक रहा. कोई उन्हें प्रिंसेस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल डॉल बता रहा है, तो कोई सेक्सी कह रहा है. तो वहीं एक ने यह तक कह दिया कि वह, चॉकलेट लेडी की तरह खूबसूरत हैं.

आपको बता दें कि, पलक तिवारी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2021 में वेब सीरीज रोजी- द सैफरन चैप्टर से की थी, लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा पहचान साल 2021 में ही आए हार्डी संधू के म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली से मिली थी.

इसके बाद पलक तिवारी साल 2023 में आई सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया और फिर उनके पास काम की कमी नहीं हुई. सलमान की मूवी के बाद उन्हें साल 2025 में आई मूवी द भूतनी में देखा गया था.

वहीं अगर बात करें पलक तिवारी के लास्ट फिल्म की तो आखिरी बार एक्ट्रेस को साल 2025 में ही आई मूवी रोमियो स्3 में देखा गया था, जिसमें वह अहम भूमिका में थी.

वहीं अगर बात करें एक्ट्रेस की आने वाली फिल्म या सीरीज की तो, उनके पास पाइप लाइन में द वर्जिन ट्री फिल्म हैं, जिसमें वह संजय दत्त के साथ काम कर रही हैं. बता दें कि, वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियो से अपने करियर की शुरुआत करने वाली पलक अब बड़ी फिल्मों पर भी अपनी पकड़ बना रही हैं.

## सू- दोकू क्र. 254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -254

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |





# जर्जर भवन में संचालित हो रहा पंचायत कार्यालय

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनपद पंचायत भरतपुर अंतर्गत ग्राम मलकडोल का पंचायत भवन इन दिनों जर्जर हालत में हो गयी है। शासन प्रशासन से नया पंचायत भवन की स्वीकृति नहीं मिलने से नया भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा है। पंचायत भवन की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत मलकडोल के सरपंच, वार्ड पंच सहित ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में भवन, सड़क व अन्य निर्माण करते हुए गांव में विकास करने वाली पंचायत कार्यालय ही जर्जर हालत में हो गई है, और कोई जिम्मेदार देखने सुनने वाला नहीं है। पंचायत प्रतिनिधियों ने आगे बताया कि हम लोग कई बार जनपद पंचायत भरतपुर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन किए है कि ग्राम मलकडोल में नवीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाए। बावजूद इसके किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस दिशा में अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जिससे मजबूर होकर हम लोग जर्जर पंचायत भवन में ही पंचायत कार्यालय का संचालन करना पड़ता है। सरपंच ने बताया कि पंचायत भवन के छत एवं दीवाल से सीमेंट झड़ रहा है। भवन के जर्जर होने की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होता है, जब छत से पानी टपकता है। इस दौरान पंचायत कार्यालय के दस्तावेजों को सुरक्षित रखना किसी चुनौती से कम नहीं रहता है। इसके साथ ही भवन में संचालित होने वाले कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित होता है। जिससे कार्य करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## किसानों ने सरकार पर जताया भरोसा

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच जामपारा समिति में ग्राम अमरपुर के 60 वर्षीय किसान शंकर सिंह ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 0.3100 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन समिति के माध्यम से सहजता से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 16 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं और कर्ज भुगतान के लिए करेंगे। धान खरीदी में तकनीकी सुविधाओं के उपयोग से किसानों की प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और समय बचाने वाली हो गई है, जिसका लाभ शंकर सिंह जैसे अनेक किसान उठा रहे हैं। सरकार के निर्णयों पर विश्वास जताते हुए श्री शंकर सिंह ने कहा-'विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरे देश में सबसे अधिक दाम पर धान खरीद रही है। यह हमारे लिए गर्व और भरोसे की बात है।'

## धान खरीदी प्रक्रिया हुई सहज जिले में

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज जामपारा समिति में ग्राम केनापारा के 35 वर्षीय कृषिका श्रीमती शकुंतला (पति - रामकृपाल सिंह) (40 वर्ष) ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 0.6810 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन समिति के माध्यम से सहजता से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 34 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की।

## स्वदेशी जागरण मंच ने उद्यमिता विकास पर की कार्यशाला



**कोरिया बैकुंठपुर।** गत दिवस स्वदेशी जागरण मंच जिला कोरिया इकाई के द्वारा रामानुज शासकीय पी.जी. महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में उद्यमिता विकास हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्णकालिक प्रचारक शंकर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में युवाओं को बताया कि स्वावलंबन एवं स्वरोजगार किस तरह से हमारे जीवन में आमूल परिवर्तन ला सकता है। शिक्षा एवं ज्ञान का उपयोग सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि व्यापार व्यवसाय एवं उद्यम स्थापित करके भी बेहतर रूप से अपना जीवन यापन किया जा सकता है । हमें जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाना चाहिए।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार से शासन उद्यमिता को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है उनका लाभ किस प्रकार से लिया जा सकता है । जिसमें मार्गदर्शन एवं सहायता हेतु हमारी टीम सदैव आपके साथ तत्पर है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सह संयोजक हिमांशु अवस्थी ने बदलते हुए वैश्विक परिवेश में स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर वर्तमान टैरिफ वार तक स्वदेशी कारगर शस्त्र रहा है। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य एम सी हिमधर श्रीमति रंजना कच्छप द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया साथ ही छात्र छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं एवं विदेशी वस्तुओं की सूची का वितरण किया गया। स्वदेशी जागरण एवं उद्यमिता विकास हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय महाविद्यालय बैकुंठपुर परिवार के प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एसईसीएल क्षेत्र चिरमिरी के खदानों की सुरक्षा व्यवस्था की पुलिस कप्तान ने की समीक्षा




**चिरमिरी।** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती रत्ना सिंह जिला मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर द्वारा एसईसीएल. चिरमिरी ओपन कास्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान थाना प्रभारी चिरमिरी विजय सिंह,उप क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह, खान प्रबंधक जोष कुमार, खान सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार पाण्डेय एवं आउट सोर्सिंग इंचार्ज राजेन्द्र एवं कृष्णा इन्फ्रास्टक्चर प्राईवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं प्रभारी शिवानंद पटेल उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक चिरमिरी ओपन कास्ट माईन के दोनो आउट सोर्सिंग पैच एवं डिर्पाटमेन्टल पैच का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक महोदया ने खदान में उत्खनन के दौरान अपनाये जाने वाली सुरक्षा मापदंडो एवं सावधानियों का बारिकी से जानकारी लेकर आवश्यक सुरक्षा निर्देश दिया । खदान में प्रबंधन द्वारा उत्खनन कार्य में अपनाये जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर ओपन कास्ट माईनिंग के कार्यप्रणाली को भी विस्तृत रुप से जाना साथ ही ओपन कास्ट माईन क्षेत्र का भ्रमण भी किया। भ्रमण का उद्देश्य विगत कुछ महीनों से चिरमिरी एसईसीएल खान क्षेत्र मे होने वाली दुर्घटनाओ के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना एवं एसईसीएल प्रबंधन व पुलिस विभाग का समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ



**कोरिया।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में पहले ही तीन प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन आरंभ हो चुका है। द्वितीय चरण के तहत तंजरा से बैकुंठपुर, केशगंवा, सोनहत, सोनारी, बसवाही, सुंदरपुर, मधौरा, नोगई,बैकुंठपुर प्रतिदिन दो फेरे चलेंगे। इसी तरह करींकुपी से बैकुंठपुर, रावतसरई, बलार्ड, मझार टोला, सुंदरपुर, कटगोड़ी, बैकुंठपुर दो फेरे लगाया जाएगा। यह बस 33 एवं 31 सीटे की है। इस सुविधा से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

## ग्राम पंचायत भवन में लगा एनएसएस का विशेष सात दिवसीय शिविर



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ 9 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायत भवन भंडारपारा प्रांगण में किया गया। यह शिविर 15 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसका आयोजन शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की एनएसएस इकाई द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन का मार्गदर्शन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस. एन. पाण्डेय एवं डॉ.एम.सी हिमधर और नेतृत्व प्राचार्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा किया गया है।

शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ पार्षद श्रीमती ममता गोयल एवं भंडारपारा की सरपंच शिवकुमारी मिंज उपसरपंच श्रीमती अन्नू रजवाड़े एवं सुखनंदन मिंज की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयं सेविका कुमारी लल्ली ने किया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने दिया एवं एनएसएस से जुड़े उद्देश्यों एवं शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शुभारंभ सत्र में भारत सिंह, श्रीमती कनक लता पैकरा सुमित कुमार डे, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञान चन्द्र पाल, डॉ ऋचा श्रीवास्तव, सुश्री रिचा चेलकर, विनय गुप्ता, मोहम्मद अमजद, सुश्री मेघा डाहीरे सहित अनेक शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सामाजिक सहभागिता की प्रेरणा देते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती नविता शिवहरे ने युवाओं से सामाजिक विकास में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने सात दिवसीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें बाल विवाह, नशा उन्मूलन, यातायात एवं स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, तथा विभिन्न कानूनों की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता शामिल है। शिविर संचालन वरिष्ठ स्वयंसेविका कु. लल्ली, कु. चंदा, कु. सुहानो, कु. आरती कुर्रे तथा कु. निशा बखला द्वारा किया जा रहा है। व्यवस्थित कार्य संचालन हेतु 50 स्वयंसेविकाओं को पांच दलों में विभाजित किया गया है। जिनमें रानी दुर्गावती, मिनी माता, बिलासा देवी, लक्ष्मी बाई एवं राजमोहिनी देवी शामिल हैं। प्रत्येक दल के दल प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से जागरूकता अभियान संचालित किया जा सके। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ ऋचा श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दी। यह शिविर ग्रामीणों में सामाजिक, स्वास्थ्य एवं कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने विकास कार्यों के लिए दी 19 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

**एमसीबी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एमसीबी जिले में विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 19 करोड़ रुपए से अधिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में नगर पालिक निगम चिरमिरी को 9 करोड़ 72 लाख रुपए, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ को 6 करोड़ 48 लाख रुपए तथा नगर पंचायत झगराखंड को 3 करोड़ रुपए शामिल हैं। यह राशि क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, रोशनी तथा अन्य बुनियादी ढांचा विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के विकास के लिए मिली स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह राशि मनेंद्रगढ़ क्षेत्र की अधोसंरचना को और सुदृढ़ करेगी तथा स्थानीय जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

## छत्तीसगढ़ में नई गाइडलाइन दरें लागू

**रायपुर।** राज्य सरकार ने अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण को अधिक वैज्ञानिक और स्पष्ट बनाने के लिए छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के तहत वर्ष 2025-26 की नई गाइडलाइन दरें 20 नवंबर 2025 से पूरे प्रदेश में लागू कर दी हैं। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह संशोधन पिछले 7-8 वर्षों से लंबित था।

## किसान संतलाल ने किया 19 क्विंटल धान का विक्रय

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज जामपारा समिति में ग्राम परचा के निवासी 40 वर्षीय संतलाल राजवाड़े (पिता - श्री बनारसी राजवाड़े) ने धान धान विक्रय किया। किसान के नाम से 0.3800 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा दर्ज है। समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए टोकन के आधार पर उन्होंने उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर 19 क्विंटल धान का सुगमतापूर्वक विक्रय किया। किसान ने बताया इस वर्ष उनकी फसल बहुत ही अच्छा हुआ और सरकार के क्रय दर से संतुष्ट है। उन्होंने यह बताया कि प्राप्त राशि को वे कृषि कार्यों के विस्तार, पुराने कर्ज के भुगतान तथा दैनिक जरूरतों में खर्च करेंगे।

## कंचनपुर उपार्जन केन्द्र में सब ठीक

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत ग्राम कंचनपुर निवासी किसान श्री विकास कुमार साहू (पिता - राजेंद्र कुमार) अपने दादा के नाम से साख सहकारी समिति, जामपारा में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान विकास ने बताया कि उनके दादा के नाम 3.4790 हेक्टेयर पंजीकृत कृषिभूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 180 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 4,26,420 रुपए की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि धान बिक्री से मिली राशि का उपयोग वे खाद-बीज की खरीदी एवं दैनिक उपयोग की आवश्यकताओं को पूरा करने में करेंगे। किसान विकास कुमार साहू ने खरीदी केंद्र की सुगम एवं व्यवस्थित प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष किसानों के लिए की गई व्यवस्थाएँ काफी सुविधाजनक और पारदर्शी हैं।

## किसान ने 28 क्विंटल का किया धान विक्रय

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में ग्राम चिल्का निवासी 51 वर्षीय किसान नंदलाल सिंह (पिता - जयलाल सिंह) ने जामपारा सहकारी समिति में पहुंचकर धान विक्रय किया। श्री नंदलाल ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 0.5500 हेक्टेयर में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 28 क्विंटल धान बेचा।

## अब कोई डर नहीं, सिर्फ भरोसा-खरीदी केंद्र से मुस्कुराते लौटे किसान दुर्गा

**एमसीबी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 ने प्रदेशभर के किसानों को नई उम्मीद, मजबूती और सम्मान का अहसास कराया है। इसी बदलाव की एक प्रेरक मिसाल बने हैं ग्राम सिंहपुर के किसान दुर्गा, जिनके अनुभव ने यह साबित कर दिया कि सुव्यवस्थित और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था वास्तव में किसानों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रही है। दुर्गा इस वर्ष अपना धान बेचने के लिए खड़गवां उपार्जन केंद्र पहुँचे थे। उन्होंने कुल 100 क्विंटल धान की बिक्री की और पूरी प्रक्रिया को इतना सहज, तेज़ और विश्वसनीय पाया कि उनके चेहरे पर संतोष और धन्यवाद की चमक साफ दिखाई दी। वे बताते हैं कि इस बार की खरीदी व्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक सुचारू रही टोकन ऐप, सटीक माप तौल, फोटो अपलोड डिजिटल सत्यापन और समयबद्ध संचालन ने पूरी प्रक्रिया को बिल्कुल पारदर्शी बना दिया। दुर्गा कहते हैं- इस बार न कोई परेशानी हुई, न समय की बर्बादी। उपार्जन केंद्र में बैठने, पानी और सहयोगी कर्मचारियों की व्यवस्था बहुत अच्छी रही। पूरी खरीदी सम्मानजनक तरीके से हुई। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को मजबूत बनाने के लिए लिए गए ऐतिहासिक निर्णय-प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य-ने उनके जैसे हजारों किसानों को आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता प्रदान की है। सबसे महत्वपूर्ण बात, धान की भुगतान राशि सीधे बैंक खाते में मिलने से किसानों का भरोसा और भी मजबूत हुआ है।

## लंबे समय से फरार 7 स्थाई वारंटियों को पकड़ने में आरक्षक अमलेश्वर की सूचना रंग लायी, अधिकारी ने दिया ईनाम



**सूरजपुर।** रामानुजनगर थाना में पदस्थ आरक्षक अमलेश्वर कुमार के मजबूत इनफॉमेशन नेटवर्किंग के कारण वर्षो से फरार 7 स्थाई वारंटी को धरदबोचा गया है। स्थाई वारंटी को पकड़वाने में उत्कृष्ट कार्य करने पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरक्षक को 5 सौ रूपये का नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

अपराधों की रोकथाम के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पूर्व में थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक में कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि स्थाई वारंट तामीली में लापरवाही नहीं होनी चाहिए, वारंटी वर्तमान में कहां उसकी जानकारी निकाले, अब तक स्थाई वारंट की तामीली क्यों नहीं की गई उसकी अद्यतन स्थिति से बारे में विस्तृत जानकारी ली थी और उन्हें कड़े शब्दों में कहा था कि तामीली में लापरवाही बरतने वालों पर सख्ती ओर उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कृत करेंगे। स्थाई वारंट तामीली के लिए थाना-चौकी प्रभारी स्वयं भी जाए, पुलिस अधिकारी व जवानों को तामीली के लिए भेजने से पहले उन्हें ब्रीफ करें और उन्हें हिदायत दें कि अपने पूर्ण अनुभव का इस्तेमाल करते हुए वारंट को तामील करें। इसी क्रम में थाना रामानुजनगर में पदस्थ आरक्षक अमलेश्वर कुमार के इनफॉमेशन नेटवर्किंग के माध्यम से स्थाई वांरटी की महत्वपूर्ण सूचना थाना प्रभारी को बताया गया जो उक्त सूचना की तस्दीक कर वर्षो से फरार चल रहे एक्सीडेंट, एमव्ही एक्ट, मारपीट, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी की धाराओं में फरार स्थाई वारंटी उर्मिला, बबीता, देवन्ती, श्रीमती उर्फ श्रीबती, मुरलीधर, फुलेश्वर व 1 अन्य को दबिश देकर पकड़ा गया। पकड़े गए वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पशुओं के संरक्षण, पराली प्रबंधन और चारा सुरक्षा पर विशेष जोर

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला एवं विकासखंड स्तरीय गौधाम समितियों की पहली बैठक में जिले भर से आए अध्यक्षों, सदस्यों और अधिकारियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा.तथा गौधाम जिला अध्यक्ष रेवा यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में पहले चरण में उन ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास स्थित हैं, ताकि निराश्रित एवं घूमन्तू मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौधामों में रखा जा सके। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए कि गौधामों में शेड, पानी, बिजली, सुरक्षित बाड़ा सहित सभी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएं। मवेशियों की नियमित देखभाल एवं स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से घूमन्तू मवेशियों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने में सहयोग का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अंतर्राज्यीय सीमाओं और राष्ट्रीय राजमार्गों से होकर पशुओं की अवैध तस्करी की घटनाएँ सामने आती रहती हैं। उन्होंने गौधाम समितियों और ग्रामीणों से अपील की कि संदिग्ध वाहनों या घटनाओं की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में दें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। गौधाम जिला अध्यक्ष रेवा यादव ने विशेष रूप



से किसानों से आग्रह किया कि धान कटाई के बाद खेतों में बची पराली को किसी भी स्थिति में न जलाएँ। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है,.मिट्टी की उर्वरता कम होती है, खेतों के लाभकारी जीव नष्ट होते हैं.और पशुओं के लिए उपलब्ध चारे की भारी कमी उत्पन्न हो जाती है।पैरा ग्रामीण कृषि-पशुपालन का मुख्य आधार है, इसलिए किसानों को इसे गौधाम, गौठानों और गौशालाओं में उपलब्ध कराने की अपील की गई। राज्य शासन ने पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध, जुर्माना और विधिक कार्रवाई का प्रावधान किया है। कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (संशोधित 2011) तथा नियम 2014 के तहत इस प्रकार का दहन दंडनीय अपराध है। छत्तीसगढ़ सात राज्यों की सीमाओं से घिरा राज्य है, जहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। अंतर्राज्यीय आवागमन के कारण अवैध पशु परिवहन की घटनाएँ होती हैं। ऐसे में जप्त एवं निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए गौधाम योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौधाम पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। इन्हें राजमार्ग के समीप ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किया जाएगा। केवल निराश्रित, घूमन्तू तथा अधिनियम के तहत जप्त गौवंश को ही यहाँ रखा जाएगा। गौधाम हेतु वही शासकीय भूमि चयनित होगी जहाँ पानी, बिजली, शेड और सुरक्षा की सुविधाएँ उपलब्ध हों। यदि चारागाह भूमि उपलब्ध हो तो हरा चारा उत्पादन का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अकुशल वर्ग के चरवाहा को लगभग 10,916 प्रति माह, 1,30,902 प्रतिवर्ष, गौसेवक (उच्च कुशल वर्ग) का मानदेय 13,126 प्रति माह, 1,57,512 प्रतिवर्ष। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत सेक्स सारटेड सीमेन तकनीक से नस्ल सुधार किया जाएगा, जिसके लिए प्रतिवर्ष लगभग 1,50,000 व्यय का प्रावधान है। 5 एकड़ भूमि पर चारा विकास लागत, पहले वर्ष का अनुमानित वार्षिक व्यय 2,85,000 जिसमें भूमि तैयारी, खाद, नेपियर घास, श्रम, सिंचाई, कीट नियंत्रण और चॉफ-कटर शामिल हैं। दूसरे वर्ष से चॉफ-कटर की लागत घट जाएगी। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जनपद पंचायतों की बैठकों में पराली न जलाने पर विस्तृत चर्चा अनिवार्य हो। गौधाम समितियाँ ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएँ।प्रत्येक गौधाम में उपलब्ध पैरा (क्विंटल में) का अद्यतन विवरण तैयार कर पशु चिकित्सा विभाग को भेजा जाए।

## पानी की कमी से तरक्की की राह तक

**कोरिया।** जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत स्थित अकलासरई गांव वर्षों से पानी की गंभीर समस्या से जूझता रहा है। ऊंचाई पर बसे इस गांव में वर्षा जल का संचित न हो पाना और लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण ग्रामीण विशेषकर किसान केवल एक ही फसल पर निर्भर थे। खेती का दायरा छोटा होने से परिवार की आय भी सीमित रह जाती थी। इस कठिनाई को दूर करने के लिए ग्राम पंचायत अकलासरई ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोनकुंवर पति जयकरण की भूमि पर परकोलेशन टैंक निर्माण का निर्णय लिया। लक्ष्य था-वर्षा जल को संरक्षित कर भूमि में रिसाव बढ़ाना और आसपास की सिंचाई जरूरतों को पूरा करना। जल संग्रह के लिए उचित स्थान चयन सबसे बड़ी चुनौती थी, ताकि कम आवक की स्थिति में भी पानी प्रभावी रूप से संरक्षित रह सके।

# कुदरी फार्म हाउस में अशरफ सहित तीन की संदिग्ध मौत, चार हिरासत में

### देर रात हुई घटना से इलाके में हड़कंप, उठे कई सवाल

**कोरबा।** एक व्यवसाय अशरफ मेमन के साथ दो और लोगों की हत्या से शहर दहल गया है। हत्या के कारण और हत्यारों को लेकर तमाम अफवाह बाजार में है। कोरबा के पुलिस अधिकारी इस मामले को कई एंगल से देख और परख रहे हैं।

देर रात जैसे ही यह खबर लोगों को मिली कि पुरानी बस्ती कोरबा निवासी और स्क्रैप का व्यवसाय करने वाले अशरफ मेंमन समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। कोरबा के एक निजी अस्पताल में मृतकों को बुलाए जाने की सूचना पर वहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए इस हत्या को लेकर अशरफ के रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में आक्रोश फैल गया।कुछ लोगों का नाम लेकर उन्हें इस हत्या के लिए दोषी कहा जाने लगा।

बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए। नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के अनुसार मौत का कारण जहर है। वही मृतकों के







शरीर से खून निकलने को लेकर कहा जा रहा है कि उन्हें मारा गया है। उधर घटनास्थल पर भी बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस के कर्मचारी पहुंच गए हैं। लोगों से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। कड़ी से कड़ी जोड़ने का प्रयास चल रहा है। कोई इसे आपसी लेनदेन का तो कोई पैसे दोगुना करने का तो कोई पुरानी रंजिश कारण मान रहा है।

### रकम दोगुना करने की बात भी आई सामने

इस मामले को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि करने को लेकर किसी बैगॉ का सहारा लिया गया था जो यहां पर पहुंचा था। उसने 5 लाख एडवांस लेकर इसका कई हजार गुना रुपया देने की बात कही थी। बीती रात्रि उसकी उपस्थिति में यहां कुछ प्रक्रियाएं की गई। इसके बाद क्या कुछ हुआ इसकी जानकारी नहीं हो सकती लेकिन मौके पर तीनों व्यक्तियों की संदेश स्थिति में मौत हो गई। संबंधित बैगॉ और उसके सहयोगी यहां से फरार हो गए। इस एंगल पर भी मामले की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

### शिक्षित लोग अभी भी फंसे चंगुल में

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि अभी भी बहुत सारे मामलों में लोगों को अपने कर्म के बजाय भाग्य पर ज्यादा भरोसा है और वह इसीलिए ज्यादा धन कमाने के चक्कर में उलटे सीधे तौर तरीके पर अमल कर रहे हैं। रकम दोगुना करने के लालच में बाय गांव का सहारा लेना इसी का ही हिस्सा है।

## भाजपाई निकालेंगे शक्ति केंद्रों में रैली

**कोरबा।** अब भाजपाई शक्ति केंद्रों में आत्मनिर्भर अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। शक्ति केंद्रों में रैली के अलावा जनसंपर्क अभियान चलेगा और पोस्टर, बैनर व स्टीकर बांटे जाएंगे। आत्मनिर्भर अभियान के जिला संयोजक अजय विश्वकर्मा व सह संयोजक हरिश थरवानी के द्वारा पूर्व में भी बैठक ली गई है। अब सामान आने के बाद सामानों का वितरण कल से शुरु कर दिया जाएगा। कोसाबाड़ी नगर मंडल में अध्यक्ष राजेश राठौर ने पुनीराम साहू को संयोजक बनाया है। इसके अलावा कटघोरा में अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, रामप्रसाद कोर्राम के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। करतला मंडल में रामकुमार गभेल, कोरबा में योगेश मिश्रा, सर्वमंगला नगर में मनीष मिश्रा, भिलाईबाजार में दिनेश राठौर, बालको में डिलेंद्र यादव, संपत यादव, राजा शर्मा, जय गर्ग के द्वारा बैठक ली जाएगी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए रैली निकालने कहा जाएगा। कुछ शक्ति केंद्रों में जनसंपर्क अभियान भी चलेंगे।

## नुनेरा में कांग्रेसी देंगे धरना

**कोरबा।** धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी रोकने कांग्रेसियों ने केंद्रों का दौरा शुरू कर दिया है। इसके लिए निगरानी समिति बनाई गई है। पाली क्षेत्र में जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा तीन धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, दिलीप सिंह, यशपाल कंवर, धनंजय दीवान सहित अन्य कार्यकर्ताओं को कहा है कि निगरानी समिति के साथ धान केंद्रों का अवलोकन करें। किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए आज नुनेरा में कांग्रेसियों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पाली क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों के कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे।

## पताढ़ी व उरगा पंचायत क्षेत्र को मिला टैंकर

**कोरबा।** जिला पंचायत सदस्य निधि से कल टैंकर उरगा व पताढ़ी पंचायत को दिया गया। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या को देखते हुए टैंकर देने की मांग की जा रही थी। आने वाले दिनों में टैंकर से जलापूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। खासकर उरगा क्षेत्र में जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। लोगों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतें होती है। टैंकर देने की मांग जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत के द्वारा की गई थी। कल उन्होंने इन दोनों पंचायत क्षेत्रों को टैंकर उपलब्ध करा दिया है।

## छुरी नपं क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा

**कोरबा।** आज छुरी नगर पंचायत में पीआईसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पंचायत क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सुझाव लिए गए। इस क्षेत्र में अभी भी कई स्थानों पर कांक्रीटीकरण किए जाने हैं। आने-जाने में लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए पीआईसी सदस्यों ने इस मामले को सामने रखा। इसके अलावा बिजली समस्या भी इस क्षेत्र में उत्पन्न हो जाती है। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या न हो, इसकी भी चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, सुशीला बिंझवार, कामता देवांगन, सुभाष जोशी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एसकेएमएस फेडरेशन की बैठक रांची में

**कोरबा।** एसकेएमएस फेडरेशन की बैठक रांची में 13 दिसंबर को आयोजित की गई है। इस बैठक में कोरबा जिले के वरिष्ठ नेता दीपेश मिश्रा, धरमा राव व दीपक उपाध्याय शामिल होंगे। बैठक में श्रमिक कानून के संबंध में कटौती पर चर्चा की जाएगी। पिछले दिनों सरकार के द्वारा श्रमिक कानूनों में कटौती की गई है, जिसके विरोध में चार श्रमिक संगठनों के द्वारा सभी एरिया व इकाईयों में धरना प्रदर्शन किए गए थे। 13 दिसंबर को होने वाली बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

***कोरबा।** नगर निगम के द्वारा बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए कई चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है।

## मध्य रात्रि को श्रीराम फायनेंस में आगजनी, रिकार्ड स्वाहा



**दीपका।** बीती रात कटघोरा रोड स्थित श्रीराम फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में अचानक भीषण आग लग गई। घटना रात करीब 12 बजे की है, जब पास ही स्थित आईसीआईसीआई बैंक एटीएम में तैनात गार्ड ने ऑफिस से उठता हुआ धुआँ देखा और तुरंत संबंधित जिम्मेदारों को सूचना दी। दमकल वाहनों के पहुंचने तक आग ने भयावह रूप ले लिया था। चार दमकलों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ऑफिस का लगभग सारा सामान जलकर खाक हो गया। सौभाग्य से घटना रात के समय हुई, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

## चयनित आरक्षक जमा करें अभिप्रमाणन फॉर्म

**कोरबा।** आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जिला कोरबा के चयनित अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा ने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपना अनुप्रमाणन (चरित्र सत्यापन) फार्म शीघ्र भरकर एसपी कार्यालय, स्थापना शाखा में जमा करें।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चरित्र सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों के पास अनुप्रमाणन फार्म उपलब्ध नहीं है, वे इसे सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोरबा से प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस विभाग ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर आवश्यक दस्तावेज जमा कर भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराने में सहयोग करें।

## हसदेव पुल बदहाल, शहर में बढ़ी जाम की समस्या

**कोरबा।** उरगा-पंतोरा होकर बिलासपुर जाने वाले स्टेट हाइवे के अंतर्गत कुदुरमाल में हसदेव पुल बदहाल हो गया है। मालवाहकों की आवाजाही इसलिए प्रतिबंधित की गई है। इसका असर कोरबा शहर पर पड़ा, जहां भारी वाहनों को रास्ता देने से रिहायशी क्षेत्रों में जाम की समस्या बनी हुई है। अरसे बाद कोयला और अन्य सामान लेकर चलने वाले भारी वाहन इमलीडुग्गू स्टेशन रोड अमरैयापारा होते हुए आगे निकल रहे हैं। 24 घंटे व्यस्त रहने वाले इन क्षेत्रों के आसपास आवासीय एरिया है। स्कूल बसों के अलावा दूसरे वाहन के चलने और लोगों की मौजूदगी के चक्कर में भारी वाहनों के परिचालन से बार-बार जाम लग रहा है। ऐसे में कामकाजी लोगों के सामने संकट है। पिछले दिनों ट्रक मालिक संघ ने इस समस्या को लेकर प्रशासन को चेताया कि वह उन्हें और कोई रास्ता अपनी गाड़ियों के लिए दे। मौजूदा स्थिति में अगर दुर्घटनाएं होती है तो ट्रक मालिकों या उनके चालकों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## आरईएस में पदोन्नति, फिर भी जिला पंचायत में काम कर रहे प्रजापति

**कोरबा।** सरकार द्वारा जारी व्यवस्था के बावजूद एक अनुविभागिय अधिकारी को रूरल इंजीनियरिंग सर्विसेज में एसडीओ के बजाय जिला पंचायत में काम करना पड़ रहा है। 3 वर्ष पहले जारी किए गए आदेश का परिपालन ना होना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है।

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा में उप अभियंता के तौर पर काम कर रहे हैं सुनील प्रजापति को सरकार ने वर्ष 2022 में प्रमोशन दिया था। उन्हें सहायक अभियंता बनाया गया और इसके अंतर्गत उनकी सेवाएं सब डिवीजन ऑफिसर के रूप में ली जानी थी। प्रमोशन के साथ व्यवहारिक कारण से उनका स्थानांतरण कोंडागांव गांव से कोरबा किया गया। प्रजापति ने कोरबा में जॉइनिंग जरूर दी लेकिन अभी भी उनकी सेवाएं मूल विभाग में नहीं ली जा रही है। अज्ञात कारण से प्रशासन ने इस सहायक अभियंता को जिला पंचायत में संलग्न करके रखा हुआ है। लंबे समय से प्रजापति इसी कार्यालय में संलग्न होकर अपना कामकाज कर रहे हैं। वर्तमान में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास है। खबर के अनुसार कुछ दिन पहले भी यह जानकारी ऊपर भिजवाई जा चुकी है लेकिन इस पर भी पदोन्नत अभियंता प्रजापति को उनके मूल विभाग में भेजने की कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसा आखिर क्यों हो रहा है, यह समझ से परे है।

## स्वर्ण बिंदु प्रासन्न के प्रभाव से तुतलाना बंद, अभिभावक हुए चिंतामुक्त



**कोरबा।** 'चलो आयुर्वेद की ओर' मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय और श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वावधान में 'बच्चे रहें स्वस्थ' योजना अंतर्गत पुष्य नक्षत्र पर आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम - स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का आयोजन निहारिका स्थित महानदी कॉम्प्लेक्स में किया गया। कार्यक्रम में नाड़ीवैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा सैकड़ों बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया, जिससे लाभान्वित अभिभावकों ने सकारात्मक परिणाम साझा किए।

इसी क्रम में 6 वर्षीय मोहित देवांगन के पिता धर्मवीर देवांगन ने बताया कि पहले मोहित तुतलाता था और उसकी उच्चारण क्षमता स्पष्ट नहीं थी। डॉ. शर्मा की सलाह पर पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण बिन्दु प्राशन कराने के बाद न सिर्फ उसका तुतलाना दूर हुआ, बल्कि उच्चारण भी स्पष्ट हुआ और पढ़ाई में उसका ध्यान बढ़ा। उन्होंने संस्थान की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा और डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभिभावकों से भी अपने बच्चों को यह संस्कार कराने की अपील की।

डॉ. शर्मा ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार आयुर्वेद के 16 मुख्य संस्कारों में से एक है। काश्यप संहिता और सुश्रुत संहिता में वर्णित यह परंपरागत प्रतिरक्षण पद्धति अब विलुप्तप्राय हो चुकी है, जिसे पुनर्जीवित करने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जा रहा है ताकि स्वस्थ और निरोगी समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिभा शर्मा, चितरंजन गुप्ता, नेत्रनंदन साहू, कमल धारिया, अश्वनी बुनकर, सिद्धराम सारथी, राकेश इस्पात, सिमरन जायसवाल, दीपमाला राठिया और हर्ष नारायण शर्मा की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## बनियापारा में सड़क बनाने का रास्ता साफ

### नोनबिर्रा पंचायत में सरपंच बदलने के बाद आसान हुए काम



**कोरबा।** करतला ब्लॉक के नोंनबिर्रा पंचायत अंतर्गत बनियापारा एक ऐसा क्षेत्र है जहां लंबे समय के बाद भी सड़क नहीं बन सकी। इस वर्ष निर्वाचित सरपंच ने इस दिशा में ध्यान देने के साथ कोशिश की है। ग्राम पंचायत की ओर से इस काम को लेकर जनपद पंचायत से पहल की गई। कामकाज मंजूर होने के साथ अब अगली प्रक्रिया की जा रही है।

कारण चाहे जो भी हो, नोंनबिर्रा के बनिया पारा इलाके को बीते वर्षों में उपेक्षित रखा गया। जबकि दूसरी इलाके में सुविधा देने के मामले में कमी नहीं रखी गई। स्थानीय लोगों की एकजुटता के कारण हालिया पंचायत निर्वाचन में यहां की स्थिति बदली । पंचायत में नए चेहरे सरपंच और अन्य पदों पर काबिज हुए। इसका साफ असर स्थानिय विकास के मामले में दिखाई दे रहा है। बताया गया कि बनियापारा में पक्की सड़क का निर्माण करने और उसे मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया गया है। बताया गया कि पिछले दिनों जनप्रतिनिधि और प्रशासन के स्तर पर इसकी जानकारी दी गई थी। आखिरकार स्थानीय आवश्यकता को गंभीरता से लिया गया और प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए भी प्रयास तेज किए गए हैं। सरपंच ने बताया कि सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए जमीन की उपलब्धता करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर जतन हो रहे हैं। यहां पर सरकारी जमीन में किए गए अवैध कब्जे को लेकर पूरी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराई जा रही है ताकि इसके अनुसार यथोचित कार्यवाही हो सके।

## मनरेगा में कुछ स्थान पर चाहिए प्रोजेक्ट ऑफिसर

**कोरबा।** जिले के कुछ ही विकासखंड में मनरेगा योजना के संचालन के लिए प्रोजेक्ट ऑफिसर दिए गए हैं। बाकी में तकनीकी सहायक के भरोसे इस काम को चलाया जा रहा है। लंबे समय से इसी व्यवस्था को क्रियान्वित किया जाना जारी है। बताया गया कि सेटअप भले ही दूसरे स्तर का है लेकिन मेनपावर की उपलब्धता शासन स्तर पर नहीं कराई गई है।

## कांग्रेसी जाएंगे कल दिल्ली

**कोरबा।** कांग्रेस के द्वारा एसआईआर को लेकर दिल्ली में 14 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा इस आंदोलन में कोरबा जिले से कार्यकर्ता शामिल होगें। जिला ग्रामीण कांग्रेस से अध्यक्ष मनोज चौहान व शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर दिल्ली जाने वाले की सूची तैयार कर आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेगें। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रभा कंवर भी दिल्ली जाने की तैयारी कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के नेतृत्व में महिलाएं आंदोलन में शामिल होगी। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी कांग्रेसी दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे है। उसलापुर से सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता कल दिल्ली के लिए रवाना होगें। प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूल सिंह राठिया के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी तरह बांकी ब्लाक से कांग्रेस नेता प्रदीप अग्रवाल के साथ अनेको कांग्रेसी दिल्ली जाएगें जिसमें पार्षद निक्कू कुकरेजा ,राकेश अग्रवाल, राजकुमार मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता है। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर भी ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, रहमान खान, सद्दाम, कुणाल सहित युवक कांग्रेसियों को भी ले जाने की तैयारी कर रहे है।

## सुबुध झा का निधन




**कोरबा।** प्रमोद झा संचालक सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल कोरबा के पिता सुबुध झा का शतकीय आयु पूर्ण पश्चात आज 11 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र, एक पुत्री व पौत्र-पौत्रीयां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज ही 11 दिसम्बर को दोपहर 2:30 बजे ,निज निवास एचआईजी 6,सी1-सी2 निहारिका से पोड़ीबहार मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## एसईसीएल कुसमुंडा में सुरक्षा पखवाड़ा जारी, किया जा रहा जागरूक

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान परियोजना में सुरक्षा पखवाड़ा बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान एसईसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। सुरक्षा टीम व कर्मचारियों ने सुरक्षा गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की, वहीं वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए जागरूकता का संदेश दिया। सुरक्षा पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## अवैध खनन के मामलों में माइनिंग करेगा कार्रवाई



**कोरबा।** इस वित्त वर्ष में जिले में खनिज विभाग ने अवैध खनन से लेकर ट्रांसपोर्ट और स्टॉक के प्रकरणों को लेकर 60 लाख पेनाल्टी वसूल की है। उसने इस काम को आगे भी जारी रखना तय किया है। मैदानी अमले को इस तरह की सूचनाओं पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

डिप्टी डायरेक्टर माइनिंग प्रमोद नायक ने बताया कि कोरबा जिले में रेत घाटों के संचालन वैध तरीके से हो, इसके लिए उन्हें विधिवत स्थिति में लाया गया है। लोगों को सहूलियत देने की कोशिश की जा रही है। दूसरी ओर जिन स्थानों में रेत और अन्य मामलों में अवैध खनन से लेकर खनिज की ट्रांसपोर्टिंग और नाजायज तरीके से स्टॉक करने की गतिविधियां हो रही है, उन पर भी निगरानी कराई जा रही है। स्टाफ को इस पर एक्शन लेने को कहा गया है। विभाग का साफ कहना है कि मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com